# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 27 जुलाई 2024






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

*अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कुछ ऐसा किया है, जिसके बारे में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। नासा ने ऑप्टिकल (लेजर) संचार का उपयोग करके 4K वीडियो फुटेज को स्ट्रीम किया है। यह पहली बार है, जब नासा के ग्लेन रिसर्च सेंटर की एक टीम ने विमान से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) तक और वापस ग्लेन रिसर्च सेंटर तक 4K वीडियो को स्ट्रीम किया हो। बता दें कि लेजर संचार रेडियो आवृत्ति प्रणालियों की तुलना में 10 से 100 गुना अधिक तेजी से डाटा ट्रांसमिट करने के लिए इंफ्रारेड लाइट का उपयोग करते हैं।*

## नासा का नया माइलस्टोन

# स्पेसक्राफ्ट से इंटरनेशनल स्पेस सेंटर में 4के वीडियो स्ट्रीम

## जल्द ही चांद से भी लाइव कर सकेंगे अंतरिक्ष यात्री

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

नासा की ग्लेन रिसर्च सेंटर टीम ने स्पेसक्राफ्ट से इंटरनेशनल स्पेस सेंटर में 4के वीडियो स्ट्रीम करके एक माइलस्टोन हासिल किया है। अभी तक नासा स्पेस कम्यूनिकेशन के लिए रेडियो वेव का इस्तेमाल करती थी। नासा ने यह इनीशिएटिव स्पेस से डेटा शेयरिंग का टेस्ट करने के लिए किया था। आगे चलकर ह्यूमन मिशन में यह काफी काम आने वाला है। नासा कुछ स्पेस मिशंस की तैयारी में है जिसके लिए अच्छी नेविगेशन और कम्यूनिकेशन की जरूरत होगी। ऐसे में लेजर कम्यूनिकेशन धरती और अंतरिक्ष के बीच सूचना साझा करने में काफी प्रभावशाली होगी।

**खास बातें**

- यह लेजर कम्यूनिकेशन धरती और अंतरिक्ष के बीच सूचना साझा करने में काफी होगी प्रभावशाली
- अभी तक नासा स्पेस कम्यूनिकेशन के लिए करती थी रेडियो वेव का इस्तेमाल



### मून मिशन की तैयारी के लिए था यह टेस्ट

नासा ने यह कम्यूनिकेशन टेस्ट आगामी मून मिशन, आर्टेमिस मिशन की तैयारी के लिए किया गया। इस दौरान अंतरिक्ष यात्री लाइव कवरेज कर सकते हैं। रेडियो फ्रीक्वेंसी कम्यूनिकेशन सिस्टम की तुलना में लेजर कम्यूनिकेशन में इंफ्रारेड लाइट के लिए 10 से 100 फीसदी ज्यादा डेटा ट्रांसफर होगा। इस प्रोजेक्ट के प्रमुख खोजकर्ता डॉक्टर डैनियल रेबेल ने इसे बेहद शानदार अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि 4के एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग को लेकर मिली सफलता से हमारे आर्टेमिस मिशन के दौरान अंतरिक्षयात्रियों से एचडी में वीडियो कांफ्रेंसिंग होगी। यह उनके स्वास्थ्य और गतिविधियों के समन्वय को लेकर काफी अहम रहेगा।

### ऐसे किया यह कारनामा

*नासा के मुताबिक ग्लेन इंजीनियर्स ने पिलेटस पीसी-12 एयरक्राफ्ट पर लेजर टर्मिनल इंस्टाल किया। इसके बाद एयरक्राफ्ट एरी झील के ऊपर पहुंचा। वहां से डेटा क्लीवलैंड में स्थित ग्राउंड स्टेशन पर डेटा भेजा गया। फिर यह न्यू मेक्सिको के लास क्रूसेस स्थित नासा की बिल्डिंग में पहुंचा। इस तरह सिग्नल ने धरती से लेकर अंतरिक्ष में स्थित नासा के लेजर कम्यूनिकेशन रिले डिमॉन्स्ट्रेशन प्लेटफॉर्म तक कुल 22000 मील की दूरी तय की। नासा का दावा है कि इस एक्सपेरिमेंट ने टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस में इजाफा किया है। इससे स्पेश मिशन के दौरान कई तरह के फायदे मिलेंगे।*

**खबर संक्षेप**

### ममता ने की मांग- 'नीति आयोग को बंद करो'



**नई दिल्ली।** प.बंगाल की सीएम ममता बनर्जी 27 जुलाई को दिल्ली में होने जा रही नीति आयोग की बैठक में शामिल होने वाली हैं। हालांकि इस बैठक से पहले ममता बनर्जी ने नीति आयोग को खत्म करने की मांग कर दी है। सीएम ने अपने मांग के पीछे की वजह भी बताई। उन्होंने कहा कि इस नीति आयोग को बंद कर दें क्योंकि यह सिर्फ बैठक बुलाने के अलावा कुछ नहीं करता है।

### स्वामीनाथन आयोग के आधार पर दें फसलों का एमएसपी : हरसिमरत



**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता और बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने शुक्रवार को लोकसभा में बजट चर्चा में भाग लेते हुए फसलों के लिए एमएसपी पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर एमएसपी देने की मांग की।

### सुनहरी बाग, बंगला नंबर 5 होगा राहुल का नया पता



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नया बंगला मिल गया है। उनका यह नया घर लुटियंस दिल्ली में ही होगा। दिल्ली के सुनहरी बाग रोड पर पहुंचकर प्रियंका गांधी ने खुद उनके नए बंगले को देखा है। इससे पहले राहुल का घर 12, तुगलक लेन, नई दिल्ली था। अब राहुल गांधी सुनहरी बाग रोड, बंगला नंबर 5 में रहेंगे।

## हरिद्वार में स्थानीय प्रशासन के फैसले से मचा बवाल

# नया विवाद, कांवड़ यात्रा मार्ग पर मस्जिद और मजार के सामने लगा दिए बड़े पर्दे

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों से जुड़े नेम प्लेट विवाद पर अभी विवाद खत्म नहीं हुआ था कि अब उत्तराखंड के हरिद्वार में स्थानीय प्रशासन के एक और फैसले ने नए विवाद को जन्म दे दिया है। दरअसल हरिद्वार में कांवड़ यात्रा मार्ग पर एक मस्जिद और मजार को पर्दे से कवर कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई द्वारा जारी किए गए विजुअल्स के अनुसार, हरिद्वार जिला प्रशासन ने राम नगर कॉलोनी स्थित एक मस्जिद और दुर्ग चौक पर मौजूद एक मजार को पर्दे से ढक दिया है। ये दोनों- मस्जिद और मजार – कांवड़ यात्रा मार्ग पर हैं, इस समय कांवड़िए यहां से गुजर रहे हैं।

**खास बातें**

- धर्मस्व मंत्री ने कहा, यात्रा को व्यवस्थित संपन्न कराने उठाया गया यह कदम
- कांग्रेस ने जताई आपत्ति, कहा- हैरान करने वाला फैसला



### पर्दा लगाने पर क्या बोले स्थानीय लोग

शकील नाम के एक स्थानीय मुस्लिम बुजुर्ग ने बताया कि बाबा भूरे शाह की पुरानी मजार है। पिछले चालीस सालों में उन्होंने यह पहली बार देखा। मजार क्यों ढकी गई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। वास्तविक वजह प्रशासन ही बता सकता है, जिसने करीब तीन दिन पहले मजार के सामने पर्दा लगाया।उन्होंने यह भी बताया कि पहले कांवड़िए यहां रुकते थे। कुछ यहां नहाते भी थे और चाय वगैरह पीकर आगे की यात्रा करते थे। मस्जिद के पास रहने वाले अनवर अली ने बताया कि प्रशासन ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से यह पर्दा लगाया गया।

### प्रशासन ने क्या कहा?

उत्तराखंड के पर्यटन और धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि कांवड़ यात्रा को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए मस्जिद और मजारों को ढका गया है। उन्होंने कहा, "कोई समस्या न हो, इसे देखते हुए ही कुछ बातों पर रोक लगाई जाती है। कांवड़ मार्ग पर किसी प्रकार की उत्तेजना न हो, इसलिए मस्जिद और मजारों को ढका गया है।"

### विपक्ष ने बीजेपी सरकार पर बोला हमला

*कांग्रेस नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली ने कहा कि प्रशासन का मस्जिदों और मजारों को ढकने का फैसला हैरान करने वाला है। अली ने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और कुछ कांवड़िए मस्जिदों में भी जाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा देश है, जहां सभी हर धर्म व जाति का ध्यान रखते हैं।*

### नामपट्टिका : हलफनामे के बाद भी यूपी सरकार के आदेश पर रोक जारी

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों द्वारा कांवड़ मार्ग पर स्थित दुकानदारों को नामपट्टिका लगाने के आदेश पर अंतरिम रोक जारी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के हलफनामे के बाद भी आदेश पर रोक जारी रखी है। इससे पहले उत्तर प्रदेश (यूपी) सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया, जिसमें सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर नामपट्टिका लगाने के अपने आदेश का बचाव किया। यूपी सरकार ने अपने हलफनामे में कहा है कि उसके दिशा-निर्देश कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण समापन और पारदर्शिता कायम करने के लिए उद्देश्य से दिए गए थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि निर्देश के पीछे का उद्देश्य कांवड़ यात्रा के दौरान पारदर्शिता कायम करना और यात्रा के दौरान उपभोक्ताओं/कांवड़ियों को उनके द्वारा खाए जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी देना था। ये निर्देश कांवड़ियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर दिए गए ताकि वे गलती से कुछ ऐसा न खाएं, जो उनकी आस्थाओं के खिलाफ हो।

**अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव**

# आखिरकार ओबामा ने किया कमला हैरिस का समर्थन उम्मीदवारी लगभग तय

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ने शुक्रवार को कमला हैरिस की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी का समर्थन किया। लगभग एक मिनट लंबे वीडियो में दोनों ने कमला हैरिस के बीच एक निजी फोन कॉल का भी जिक्र किया। ओबामा ने हैरिस से कहा कि मैंने और मिशेल ने आपको यह बताने के लिए फोन किया कि हम आपका समर्थन करने, आपको इस चुनाव में जीत दिलाने और ओवल ऑफिस में लाने के लिए हर संभव प्रयास करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। पूर्व प्रथम महिला ने हैरिस से कहा कि मुझे आप पर गर्व है। यह ऐतिहासिक होने जा रहा है।



### हैरिस की बढ़ रही लगातार लोकप्रियता

फोन पर बात करते हुए हैरिस ने समर्थन और उनकी लंबी दोस्ती के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप दोनों का धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। हम इसके साथ कुछ बेहतर करने जा रहे हैं। चुनाव अभियान में लगी टीम ने कहा कि यह वाकई की गई कॉल थी। यह कोई पहले निर्धारित कार्यक्रम नहीं था। दरअसल, राष्ट्रपति जो बाइडन के रेस से बाहर होने के एक सप्ताह से भी कम समय में हैरिस की बढ़ती लोकप्रियता से चुनाव रोमांचक होता जा रहा है। इससे रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उनकी चुनौती मजबूत होगी। ओबामा अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति थे और वे डेमोक्रेटिक पार्टी में सबसे लोकप्रिय व्यक्तियों में से एक हैं।

## प्रभारी और राज्य इकाई के अध्यक्षों को बदला

# भाजपा ने पांच राज्यों में किया बड़ा संगठनात्मक फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने पांच राज्यों में शुक्रवार को संगठनात्मक फेरबदल किए हैं। पार्टी ने ये बदलाव राजस्थान से लेकर बिहार तक में किए हैं, जहां उसने प्रभारी और राज्य इकाई के अध्यक्षों को बदला है। पार्टी की ओर से राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय महासचिव राधामोहन दास अग्रवाल को राजस्थान भाजपा का प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके साथ ही नॉर्थ ईस्ट के राज्य असम की जिम्मेदारी पूर्व लोकसभा सदस्य हरीश द्विवेदी को सौंपी गई है, वह वहां के प्रभारी बने। भाजपा की ओर से जारी बयान में यह भी जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संगठन से जुड़े कुछ और बदलाव भी किए।भाजपा में राष्ट्रीय सचिव अरविंद मेनन और पूर्व सांसद राजदीप रॉय को क्रमशः तमिलनाडु और त्रिपुरा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष विजया रहाटकर राजस्थान में और सुधाकर रेड्डी तमिलनाडु में संगठनात्मक मामलों के सह-प्रभारी होंगे। दो राज्यों में नए अध्यक्ष भी बनाए गए। इसमें बिहार में मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल सम्राट चौधरी की जगह नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुए। वहीं, राज्यसभा सांसद मदन राठौर को सीपी जोशी के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान इकाई का अध्यक्ष बना दिया गया है।

- मदन राठौर को राजस्थान इकाई के अध्यक्ष का जिम्मा



# दरोगा ने की 42 लाख की लूट, वर्दी में दिया घटना को अंजाम

**वाराणसी की घटना**

**वाराणसी।** वाराणसी में नीचीबाग के कूड़ाखाना गली निवासी सर्राफ जयपाल कुमार के दो कर्मचारियों से 42.50 लाख की लूट में रामनगर पुलिस ने नदेसर (कैंट) चौकी प्रभारी सूर्य प्रकाश पांडेय समेत तीन को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से लूट के 8 लाख 5 हजार रुपये नगद, दो पिस्टल, कारतूस और बाइक बरामद की गई है। तीनों को बुधवार को जेल भेज दिया गया। डीसीपी काशी गौरव बंशवाल ने बुधवार को चेतगंज स्थित पुलिस आफिस में बताया कि 22 जून की रात आरोपी हाईवे पर विश्वसुंदरी पुल के पास बस में सवार सर्राफ जयपाल के दो कर्मचारियों को नीचे उतारकर दूसरे वाहन में ले गए। इसके बाद 42.5 लाख लूट लिए। लूटकांड में दरोगा सूर्य प्रकाश पांडेय, अहिरौली (चोलापुर) निवासी विकास मिश्रा, आयर बाजार (चोलापुर) निवासी अजय गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है।



### कई घटनाओं में शामिल करोड़ों दबाए

पुलिस अफसरों की पूछताछ में पता चला है कि सूर्य प्रकाश पांडेय केवल सर्राफ जयपाल के कर्मचारियों से ही लूट में शामिल नहीं था, बल्कि इसके पहले उसने कई वारदात को अंजाम दिया है। पूर्व की घटनाओं में चार से पांच करोड़ रुपये तक लूट की बात सामने आ रही है। चूंकि पूर्व में लूट की घटनाओं में किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई, लिहाजा सख्ती के बावजूद सूर्यप्रकाश ने मुंह नहीं खोला।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

## 700 साल पुराना है इतिहास

# असम का चराइदेव मोईदाम यूनेस्को की धरोहर घोषित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूनेस्को ने असम के चराइदेव मोईदाम को विश्व धरोहर घोषित किया है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इसकी जानकारी दी है। मोईदाम पूर्वोत्तर भारत का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है। इसका इतिहास 700 साल पुराना बताया जाता है।

यहां पर चीन से आईं ताई-अहोम जनजातियों के राजाओं के कब्र स्थल बने हैं। कहा जाता है कि इन प्राचीन दफन टीलों का निर्माण 13वीं से 18वीं शताब्दी के दौरान अहोम राजाओं द्वारा किया गया था। मोईदाव को विश्व धरोहर घोषित कराने का प्रस्ताव भारत सरकार ने 15 अप्रैल 2014 को यूनेस्को के पास भेजा था। मोईदाम 2014 में ही यूनेस्को विश्व धरोहर की अस्थाई सूची में शामिल हो गया था। जनवरी 2023 में इसका भारत की तरफ से आधिकारिक नामांकन किया गया। यूनेस्को की ओर से जांच के लिए एक तकनीकी टीम भी भारत आई थी। इसके बाद भारत सरकार के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत भर में 52 स्थलों में से अहोम समुदाय के मोईदाम को विरासत स्थल के रूप में नामांकित करने के लिए चुना है।

### क्या है चराईदेव मोईदाम?

असम के चराईदेव जिले में ये शाही कब्र स्थल स्थित है। यह भारत के महत्वपूर्ण मध्यकालीन आहोम राजवंश के शाही परिजनों के लिए बना कब्रगाह टीला है। इसे असम का पिरामिड भी कहा जाता है। खास बात यह है कि शाही मैदाम केवल असम राज्य में चराईदेव में पाए जाते हैं। ये चीन से आईं ताई-अहोम जनजातियों के राजाओं के कब्र स्थल हैं। इन जनजातियों के राजाओं ने 12वीं से 18वीं ईस्वी के बीच उत्तर-पूर्व भारत में ब्रह्मपुत्र नदी घाटी के विभिन्न हिस्सों में अपनी राजधानी स्थापित की थी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

सभी प्रकार के रोगों का निःशुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श
दिनांक 21 से 28 जुलाई 2024 | सुबह 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें 76470-97309, 98279-66617
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड़ नं.-1, रायपुरा, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130













ओपनिंग सेरेमनी में लेडी गागा ने बांधा समां

# पेरिस ओलंपिक : 96 नावों में 206 देशों ने की परेड

एजेंसी ▶▶| पेरिस

आम परंपरा से हटकर 205 देशों के खिलाड़ियों ने बारिश की आशंका के बीच यहां सीन नदी पर नावों में 'देशों की परेड' में हिस्सा लिया और इसके साथ ही रोशनी के इस शहर में ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की शुरूआत हो गई। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युअल मैकरोन और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक के साथ फ्रांस के महान फुटबॉलर जिनेडिन जिडान को पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में ओलंपिक मशाल के साथ पेरिस की सड़कों पर दौड़ते दिखाया गया।

परेड में सभी देशों के दल एक के बाद एक नावों पर सवार होकर निकले। सबसे आगे ग्रीस का दल था, क्योंकि इसी देश में ओलिंपिक गेम्स की शुरुआत हुई थी। दूसरे स्थान पर रिफ्यूजी ▶▶|शेष पेज 2 पर

- सीन नदी में 6 किमी परेड
- 6500 खिलाड़ी
- 2 घंटे हुआ आयोजन

### सिंधू और शरत कमल ने थामा भारत का तिरंगा

भारतीय दल की अगुवाई दो ध्वजवाहकों दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और टेबल टेनिस दिग्गज अचंत शरत कमल ने की। भारत का परेड 84वें नंबर पर हुआ। आयोजकों ने सुरक्षा और ▶▶|शेष पेज 2 पर

## तीसरी बार देश का पीएम बनने पर मोदी को सदन में बधाई, प्रस्ताव पास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा, नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से दुनिया की पांचवी सबसे बड़ा ताकत के रूप में खड़ा किया है और 2047 तक इस देश को विकसित भारत के रूप में खड़ा करने का उन्होंने संकल्प लिया है।*

*विधानसभा में यह प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, नरेन्द्र* ▶▶|शेष पेज 2 पर

### स्वच्छता मिशन का बताया महत्व

*मुख्यमंत्री ने कहा, 15 अगस्त 2014 को जब नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा की, तो कुछ लोग उपहास करते थे। यह सफाई और शौचालय निर्माण का काम क्या कोई प्रधानमंत्री सोच सकता है। आज हम सब लोगों को इस बात का पता चल रहा है कि यह योजना कितनी महत्वपूर्ण है। उनके स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा के बाद आज हम लोग साफ सफाई का महत्व समझे। हमारे प्रधानमंत्री ने करोड़ों परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण कराया है।*

सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व अग्निवीरों को नौकरी में मिलेगी प्राथमिकता

# साय सरकार का बड़ा ऐलान, छग में भी अग्निवीर बनेंगे सिपाही और जेल प्रहरी

*अग्निवारों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बड़ा ऐलान किया है। उनका कहना है, जब प्रदेश के अग्निवीर अपनी सेवाएं समाप्त करके वापस लौटेंगे तो प्रदेश सरकार उनको यहां पर पुलिस आरक्षक, वन रक्षक, जेल प्रहरी के पदों पर समावेशित करने की सुविधा देगी। प्रदेश सरकार इसके लिए जल्द विशेष आरक्षण के दिशा निर्देश जारी करेगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय ने विधानसभा सत्र के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए अग्निवीरों के मामले में यह ऐलान किया है। इसके पहले हरियाणा और उप्र सरकार ने भी अग्निवीरों को नौकरी में आरक्षण देने का प्रावधान किया है।

यहां यह बताना लाजिमी है कि सेना में अग्निवीरों की भर्ती को लेकर विपक्ष आक्रामक हैं और लगातार बयानबाजी कर देश में दो तरह की सेना होने की बात कह रहा है। कांग्रेस के राहुल गांधी समेत कई बड़े नेताओं ने अग्निवीर भर्ती को युवाओं के साथ धोखा करार दिया है। यह कहा जा रहा है कि तीन साल की सेवाओं के बाद अग्निवीर की सेवा समाप्त हो जाएगी। उसके बाद ये युवा क्या करेंगे? इनके साथ यह धोखा है। जबकि सरकार ने ▶▶|शेष पेज 2 पर





### अग्निवीर योजना पर विपक्ष फैला रहा झूठ

*विपक्ष पर बरसते हुए मोदी ने कहा कुछ लोग अग्निवीर स्कीम को राजनीति का विषय बना रहे हैं और झूठ फैला रहे हैं। ये लोग नहीं चाहते कि सेना को आधुनिक फाइटर प्लेन मिले। इन लोगों ने जवानों को बुलेटप्रूफ जैकेट्स भी नहीं दी थीं। ये वही लोग हैं जिन्होंने आजादी के 7 दशक बाद भी शहीदों के लिए वॉर मेमोरियल नहीं बनाया। मोदी ने कहा कि अग्निवीर योजना सेना को हमेशा फिर रखने के लिए की गई जिसको लेकर विपक्ष भ्रम फैला रहा है।*

### इधर, सदन गर्म, भारी हंगामा

लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही दोनों सदनों में अग्निवीर योजना को लेकर हंगामा मच गया। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने सदन का बहिष्कार किया और बाहर आ गए। कांग्रेस सांसदों ने कहा कि अग्निपथ योजना पर सरकार झूठ फैला रही है। इस योजना में शहीद होने वाले कई ▶▶|शेष पेज 2 पर

खड़गे बोले

#### मोदी ओछी राजनीति कर रहे

पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि पीएम कारगिल विजय दिवस के मौके पर ओछी राजनीति कर रहे हैं। इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं ▶▶|शेष पेज 2 पर

#### 7 राज्यों में आरक्षण

कारगिल विजय के 25 साल पूरे होने पर मप्र, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, गुजरात और छत्तीसगढ़ सरकार ने सेना के अग्निवीरों को राज्य पुलिस की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की। हरियाणा-उत्तराखंड पहले ही रिजर्वेशन का ऐलान कर चुके हैं। इस तरह अब तक 7 राज्य अग्निवीरों को लेकर आरक्षण का ऐलान कर चुके हैं। दो साल पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय भी सैन्य बल में अग्निवीरों को 10% आरक्षण देने की घोषणा कर चुका है।

#### गठबंधन की सरकार आई तो खत्म करेंगे ये योजना

समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा, कि हमारी सेना का एक गौरवशाली इतिहास रहा है... लेकिन अफसोस है कि भाजपा की सरकार ने अग्निवारी योजना की व्यवस्था की है... इससे ज्यादा अपमान सेना ▶▶|शेष पेज 2 पर

घटना का वीडियो वायरल, तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

## बिस्किट चोरी पर पहले पीटा, फिर पैर बांधकर युवक को घसीटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के सामने वेंडर ने क्रूरता की हदें पार कर दीं। गुरुवार रात बिस्किट का पैकेट चोरी करने पर रेलवे वेंडर ने एक युवक की पहले जमकर पिटाई की, उसके बाद पैर को कपड़े में बांधकर प्लेटफार्म पर यात्रियों के सामने घसीटा। इस पूरी घटना के बीच प्लेटफार्म पर आरपीएफ के तीन पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन सभी मूकदर्शक बनकर खड़े रहे। किसी ने भी वेंडर्स को रोकने का प्रयास नहीं किया। इस अमानवीय घटना का वीडियो स्टेशन पर ▶▶|शेष पेज 2 पर

### तीन को किया निलंबित

*प्लेटफार्म पर बिस्किट चोरी पर वेंडर्स द्वारा युवक की पिटाई कर प्लेटफार्म पर घसीटने के मामले में जीआरपी ने तीन लोगों पर कार्रवाई की है, जो इसमें शामिल थे। जब यह घटना हुई, उस समय आरपीएफ के तीन कर्मी भी उपस्थित थे। उन्हें तत्काल एक्शन लेना चाहिए था। तीनों को निलंबित किया गया है।*

*- **रमन कुमार**, कमांडेंट आरपीएफ रेल मंडल*

### आरपीएफ ने तत्काल नहीं लिया एक्शन

स्टेशन में वेंडर के 3-4 कर्मचारियों ने मिलकर एक युवक को जमकर पीटा। उसके बाद उसे जमीन पर घसीटते हुए ले गए। इस दौरान प्लेटफार्म पर आरपीएफ के 3 पुलिस कर्मी मौजूद थे, जिन्होंने तत्काल कोई एक्शन नहीं लिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि जवान भी यात्रियों की तरह क्रूरता को देख रहे थे। वीडियो के वायरल होने के बाद आरपीएफ और जीआरपी सुबह अलर्ट हुई। फौरन कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मारपीट करने वाले 4 आरोपी बसंत प्रधान, अंकित मिश्रा, सुनील शुक्ला और आशुतोष पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान आरोपी नशे में धुत थे। फिलहाल पुलिस ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

## सांसद मोइत्रा की याचिका पर कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया है जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख पर कथित 'अपमानजनक' टिप्पणी के लिए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह के भीतर इस मामले की स्थिति पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 6 नवंबर को निर्धारित की गई है।

## रेलवे ट्रैक पर गिरे पेड़ से डेमू ट्रेन टकराई, दो पहिए उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/भानुप्रतापपुर

दल्लीराजहरा से अंतागढ़ जा रही लोकल डेमू ट्रेन नबंर 7823 सुबह 04 बजे भानुप्रतापपुर मुल्ला के पास रेलवे ट्रैक के पास गिरे विशाल बरगद वृक्ष से टकराने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में ट्रेन के दो पहिए पटरी से उतर गए और लोको पायलट को मामूली चोट आई है। ट्रेन की स्पीड कम होने के चलते बड़ा हादसा होते होते टल गया। जानकारी के अनुसार ▶▶|शेष पेज 2 पर

- लोको पायलट को आई मामूली चोट, रेलवे अमला पहुंचकर पेड़ को काटकर हटाया



### ट्रेन रूट कई घंटे तक रहा बाधित

दुर्घटनाग्रस्त के बाद से ही रेल आवगमन काफी समय तक बाधित रहा, जिसे दुरुस्त करने में विभागीय अमला घटना स्थल पर मौजूद रहा। क्षेत्र में रेल दुर्घटना का यह पहला मामला है।

लंबे समय से चल रहे थे बीमार

## भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का निधन

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और दो बार राज्यसभा सांसद रहे प्रभात झा का 26 जुलाई को सुबह गुरुग्राम के एक अस्तपाल में निधन हो गया। बता दें कि प्रभात झा लंबे समय से बीमार चल रहे थे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक उनका अंतिम संस्कार बिहार में उनके पैतृक गांव में किया जाएगा। प्रभात झा के निधन के बाद पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा के नेताओं ने श्रृद्धांजलि अर्पित की।



## महालेखाकार ने खोली स्वास्थ्य विभाग की पोल, आडिट में निकला अरबों का झोल

हरिभूमि यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

महालेखाकार ने स्वास्थ्य विभाग की अधोसंरचना एवं सेवाओं के प्रबंधन पर आडिट के बाद इसमें भारी अनियमितता की ओर ध्यान खींचा है। यहां पर अरबों की खरीदी और वित्तीय आवंटन का उपयोग सही ढंग से नहीं कर पाने की भी टिप्पणी की है। सीएजी के द्वारा मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष तक की आडिट का ब्योरा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है ▶▶|शेष पेज 2 पर



### 3753 करोड़ की खरीदी में अनियमितता

सीएजी रिपोर्ट में सीजीएमएससी की गंभीर खामियों को लेकर कहा गया है कि वर्ष 2016 से 2022 के बीच, सीजीएमएससी ने 3753 करोड़ रुपये की दवा, उपकरण और अन्य समान खरीदे हैं, इसमें भारी अनियमितताएं की गई हैं। मेडिकल सामानों की सेंट्रल एजेंसी होने के बावजूद 27 से 56 प्रतिशत खरीदी लोकल स्तर से करनी पड़ी, क्योंकि जरूरत ▶▶|शेष पेज 2 पर

### दूसरी तरफ जरूरी दवाएं ही नहीं

सात जिलों में डीएच के लिए आवश्यक 272 दवाओं में से 103 दवाएं उपलब्ध नहीं थी। 14 सीएचसी में आवश्यक 143 ईडीएल दवाओं में से 39 दवाएं उपलब्ध नहीं थी। लेखा परीक्षा में वहीं कोविड-19 से संबंधित वस्तुओं के क्रय में अनियमितता मिली है। सीजीएमएससी ने कोविड समिति की अनुसंशा के बिना 23.13 करोड़ रुपए की वस्तुओं ▶▶|शेष पेज 2 पर




हरिभूमि की खबर का बड़ा असर... दोबारा जारी किए गए दसवीं कक्षा के परिणाम

## अंततः संस्कृत बोर्ड ने रोके 40% छात्रों के परिणाम, आधे ही पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा शुक्रवार को दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों की दोबारा घोषणा कर दी गई है। संस्कृत विद्यामंडलम की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी को लेकर हरिभूमि के खुलासे के बाद यह कार्रवाई गई है। उत्तरपुस्तिकओं की दोबारा जांच के बाद जारी परीक्षा परिणाम चौंकाने वाले हैं। पूर्व में जहां दसवीं कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 98.48% था, ▶▶|शेष पेज 2 पर




### सिर्फ 5 छात्र ही हुए थे फेल

इसके पहले मई में जारी किए गए नतीजों में दसवीं की परीक्षा में शामिल 801 छात्रों में से 470 छात्रों को प्रथम श्रेणी में रखा गया था। 284 छात्रों को द्वितीय श्रेणी तथा 23 छात्रों को तृतीय श्रेणी प्राप्त हुई। 7 छात्रों को पूरक की पात्रता मिली थ। फेल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या मात्र 5 थी। संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा ▶▶|शेष पेज 2 पर

### जांच कमेटी ने की थी हरिभूमि के खुलासे की पुष्टि

गौरतलब है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब संस्कृत बोर्ड ने दसवीं-बारहवीं कक्षा के परिणाम दोबारा जारी किए हैं। हरिभूमि द्वारा ही संस्कृत विद्यामंडल की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी का खुलासा किया गया था। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और पुराने परीक्षा ▶▶|शेष पेज 2 पर



चिंतन

# कारगिल युद्ध के शहीदों व वीरों को राष्ट्र का नमन

कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को याद करने का दिन है, सलाम करने का दिन है। यह दिन यह भी याद दिलाता है कि पड़ोसी पाकिस्तान किस तरह कारगिल में भारत की पीठ में खंजर घोंपा था। पाक फौज चोरी छिपे कारगिल की चोटी तक पहुंच गई थी, लेकिन भारतीय जवानों ने जान की बाजी लगाकर पाक फौज को धूल चटाई थी। पाकिस्तान कारगिल से पहले भारत से तीन युद्ध हार चुका है, फिर भी कारगिल की चोटी पर अपनी फौज को अवैध अड्डा बनाने के लिए भेजा, जहां पाक फौज को मुंह की खानी पड़ी। यह पाकिस्तान की चौथी सैन्य हार थी। इसके बाद भी पाक फौज ने सबक नहीं लिया है, अभी भी कश्मीर में आतंकवाद व छद्म युद्ध का सहारा ले रहा है। कारगिल में भारत की जीत की 25वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस्लामाबाद को चेताया है कि पाकिस्तान आतंकवाद और छद्म युद्ध का इस्तेमाल कर अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की कोशिश कर रहा है, लेकिन भारतीय सैनिक उसके सभी आतंकवादी प्रयासों को पूरी ताकत से कुचल रहे हैं। पाकिस्तान के तत्कालीन सैन्य जनरल परवेज मुशर्रफ के दिमाग का फितुर था कारगिल की चोटी पर पाक फौज का भेजना, लेकिन उन्हें अपने सैन्य जीवनकाल की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में करारी शिकस्त से पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेइज्जती हुई, दुनिया को पता लगा कि पाकिस्तान की फौज किस तरह भारत के खिलाफ षड्यंत्र करता रहती है। खास बात है कि आज भी पाकिस्तान ने अपने अतीत से कुछ नहीं सीखा है, उसकी फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत के खिलाफ आतंकवाद का को बढ़ावा देने में मशगूल हैं। पीएम मोदी ने द्रास में कारगिल विजय दिवस पर पाकिस्तान को ललकारा है कि वह प्रासंगिक बने रहने के लिए आतंकवाद और छद्म युद्ध की आड़ में युद्ध जारी रखे हुए है, लगातार शिकस्त के बावजूद दुस्साहस करता रहता है। हमारी सेना ने लद्दाख में स्थित कारगिल की बर्फीली चोटियों पर लगभग तीन महीने तक चले युद्ध में जीत हासिल करते हुए 26 जुलाई 1999 को 'ऑपरेशन विजय' की सफल समाप्ति की घोषणा की थी। कारगिल युद्ध के समय केन्द्र में अटल बिहारी बाजपेयी की राजग गठबंधन की सरकार थी। पाक पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में इस दिन को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हालांकि पाकिस्तान नहीं सुधरा है, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को शह देने में लिप्त है। आतंकवाद को पालने-पोसने के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग हो जाने के बावजूद पाकिस्तान कश्मीर में दहशतगर्दी से बाज नहीं आ रहा है। हाल के महीनों में कई पाक आतंकी भारतीय जवानों के शिकार हुए हैं। अब समय है आतंकवाद के सफाये के साथ-साथ पाक को कड़ा सबक सिखाने का। कारगिल विजय दिवस पर भारत को पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ आर-पार करने का संकल्प लेना चाहिए। कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को आज राष्ट्र नमन कर रहा है। देश के सैनिकों द्वारा दिया गया बलिदान अमर है। भले ही महीने, साल, दशक और सदियां बीत जाएं, देश की सीमाओं की रक्षा के लिए कुर्बान हुए लोगों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्र हमारे सशस्त्र बलों के पराक्रमी महानायकों का सदैव ऋणी और कृतज्ञ रहेगा।



रक्षा बजट
डा. एल.एस. यादव

अपने छिले वर्ष की तुलना में भारत की रक्षा चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। भारत के पुराने प्रतिद्वन्द्वी चीन के साथ एलएसी पर तनाव चलते हुए काफी दिन हो चुके हैं। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में सीमाओं पर चीनी सैन्य अतिक्रमण और रोबोट सेना की तैनाती के प्रयास इसके प्रमुख उदाहरण हैं। पाकिस्तान की तरफ से लगातार अघोषित युद्ध जारी है। समुद्र की तरफ से भी भारत को चुनौतियां मिल रही हैं। चीन की समुद्री क्षेत्र में बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए भारतीय नौसेना के सामने हिन्द महासागर से लेकर अरब सागर तक चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। उभरते खतरों को देखते हुए नौसेना, वायु सेना तथा थल सेना के लिए आवंटित धनराशि कम ही कही जाएगी।

# चुनौतियों के मुकाबले बजट कम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 23 जुलाई को आम बजट पेश करते हुए रक्षा बजट का कुल हिस्सा 621940.85 करोड़ रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है। यह धनराशि 2024-25 के कुल वित्त बजट का 12.90 प्रतिशत के लगभग है। इससे पहले 2023-24 के आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 593537.64 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जो 2022-23 की तुलना में 69000 करोड़ रुपये ज्यादा थे। इस हिसाब से यह वृद्धि 13 प्रतिशत के लगभग थी। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मात्र 28403.21 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई। यह बढ़ोत्तरी 4.78 प्रतिशत है जो कि काफी कम है क्योंकि रक्षा चुनौतियां ज्यादा हैं। इसके साथ ही सीमा पर चल रही सामरिक चुनौतियों का दीर्घकालिक समाधान निकालने के लिए सैन्य साजो सामान के निर्माण में आत्मनिर्भरता सुनिषश्चित करने के लिए विशेष जोर दिया गया है। तीनों सेनाओं के हथियार एवं अन्य उपकरणों में आत्मनिर्भर होने का प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता जता कर घरेलू रक्षा उद्योग से खरीद के लिए आगे बढ़ना है।

रक्षा बजट में आवंटित धनराशि को चार भागों में विभक्त किया जाता है। इसमें नागरिक, राजस्व, पूंजीगत खर्च और पेंशन निर्धारित है। नागरिक बजट के हिस्से में 25963 करोड़ रुपये दिए गए हैं जिसमें बार्डर रोड आर्गनाइजेशन, ट्रिब्यूनल सहित सड़क व अन्य विकास कार्य किए जाते हैं। रेवेन्यू बजट के लिए 282772 करोड़ रुपये रखे गए हैं। रेवेन्यू बजट से तीनों सेनाओं का वेतन बांटा जाता है जो बजट का बड़ा हिस्सा होता है। इसके अलावा एक्स सर्विसमैन की हेल्थ स्कीम, मेंटिनेंस व रिपेयरिंग का खर्च भी इसी बजट से किया जाता है। इसलिए रेवेन्यू बजट का हिस्सा कुल रक्षा बजट का लगभग 45 प्रतिशत है। यह पिछले साल के मुकाबले 12652 करोड़ रुपये ज्यादा है।

रक्षा बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 1,72,000 करोड़ रुपये अलग रखे हैं जिनमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य साजो सामान की खरीद शामिल हैं। यह पिछले साल के मुकाबले 9400 करोड़ रुपये ज्यादा है यानि कि 5.7 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। यह धनराशि कुल रक्षा बजट का 27.6 प्रतिशत है। इस धनराशि से एयरक्राफ्ट, एयरोइंजन उपकरण, भारी और मघ्यम श्रेणी के सैन्य वाहन, नए आधुनिक हथियार तथा गोला-बारूद खरीदा जाएगा। यही नहीं अन्य तकनीकी सैन्य उपकरणों की खरीद से सेनाओं को सुसज्जित किया जाएगा। इस साल सेना के लिए स्पेशल रेलवे वैगन खरीदे जाने की योजना है। वायु सेना के लिए आधुनिक लड़ाकू विमानों व नए अन्य उपकरणों के खरीदे जाने की संभावना है। इसी तरह नौसेना को मजबूती प्रदान करने के लिए नए नेवल डॉकयार्ड प्रोजेक्ट शुरू किए जाने की योजना है। पेंशन के लिए बजट में 141205 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह धनराशि कुल रक्षा बजट का 22.7 प्रतिशत है। वर्ष 2023-24 में यह धनराशि 1.38 करोड़ रुपये थी। इस तरह इस मद में लगभग 3000 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। इस बजट में तीनों सेनाओं के



सेवानिवृत्त सैनिकों की पेंशन व अन्य मिलने वाले लाभ शामिल होते है। विदित हो कि देश में तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सैनिकों की संख्या तकरीबन 26 लाख है जिसमें सबसे ज्यादा जवान थलसेना के हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में भारत की रक्षा चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। भारत के पुराने प्रतिद्वन्द्वी चीन के साथ एलएसी पर तनाव चलते हुए काफी दिन हो चुके हैं। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में सीमाओं पर चीनी सैन्य अतिक्रमण और रोबोट सेना की तैनाती के प्रयास इसके प्रमुख उदाहरण हैं। लद्दाख में चीन की चुनौती को देखते हुए तकरीबन 50000 सैनिकों की तैनाती की जा चुकी है। इसके अलावा वहां पर टैंकों, विमानों एवं मिसाइलों की तैनाती कर दी गई है, जिससे कभी भी युद्ध की स्थिति से निपटा जा सके। ऐसे में और अधिक रक्षा बजट की आवश्यकता थी।

पाकिस्तान की तरफ से लगातार अघोषित युद्ध जारी है। वह आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराता है तथा आतंकवादियों को पाल पोसकर उन्हें भारत भेजता है ताकि भारत की तरक्की की रफ्तार को रोका जा सके। इसके अलावा समुद्र की तरफ से भी भारत को चुनौतियां मिल रही हैं। चीन की समुद्री क्षेत्र में बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए भारतीय नौसेना के सामने हिन्द महासागर से लेकर अरब सागर तक चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। जिसके लिए नौसेना युद्ध समूहों के गठन और नौसेना की एयर विंग को मजबूत करना परम आवश्यक हो गया है। हिन्द महासागर में उभरते खतरों को देखते हुए तथा पाक व चीन सीमा पर चुनौतियों के मद्देनजर नौसेना, वायुसेना तथा थल सेना के लिए आवंटित धनराशि कम ही है।

पाकिस्तान व चीन सहित विश्व के अनेक देश भारत की तुलना में सुरक्षा पर अधिक धन खर्च कर रहे हैं। ऐसे में सीमा पर तनाव को देखते हुए सैन्य साजो सामान की विषेश आवश्यकता थी। चीन सीमा के नजदीक आवागमन सुलभ बनाने हेतु सड़कों के विकास के लिए सीमा सड़क संगठन को 6500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जो पिछले बजट की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचागत विकास कार्यों में तेजी आएगी। स्टार्टअप, नवाचार और छोटी इकाइयों को तकनीकी मदद के लिए आईडेक्स योजना के तहत 518 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जिससे विकास कार्यों में मदद मिलेगी और देश उत्कृष्टता व आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

रक्षा क्षेत्र में तकनीकी विकास के लिए भी अधिक धन की जरूरत थी। वर्तमान सैन्य चुनौतियों को देखते हुए पुराने हो चुके हथियारों एवं उपकरणों से सेनाओं को छुटकारा दिलाकर आवश्यक नवीनतम हथियारों से सेनाओं को लैस करना, सैन्य आधुनिकीकरण व नवीनतम युद्ध कला से सेनाओं को सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता हो चुकी है। इन सबके अलावा साइबर, हाईटेक युद्ध पद्धति एवं नेटवर्क केन्द्रित युद्ध पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। यहां गौरतलब बात यह है कि हमें नये परिवेश को ध्यान में रखकर परम्परागत लड़ाई के साथ-साथ साइबर युद्धों की भी तैयारियां कर लेनी चाहिए। जो देश इसमें पीछे रह गए वे नुकसान भी उठा सकते हैं, क्योंकि हम जिन हथियारों की तैयारी में लगे हैं भविष्य में शायद उनकी जरूरत कम ही पड़े और यौद्धिक संक्रियाओं का रुख नवीन युद्ध प्रणालियों की तरफ बढ़ जाए। ऐसे मे रक्षा बजट में इन तैयारियों के लिए भी बजट निर्धारित किया जाना चाहिए था।

यद्यपि हमारी सेनाएं इन युद्धों के प्रति तैयार हैं लेकिन अलग से तैयारी करना इस क्षेत्र में हमें और मजबूती प्रदान करेगा। सेनाओं की आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में एक प्रमुख महत्वाकांक्षी योजना एकीकृत कमान की है, जो अभी पूरी नहीं हुई है। सरकार थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना की क्षमताओं को एकीकृत करना चाहती है। इसे वर्तमान 17 एकल सेवा इकाइयों को पांच थियेटर कमांड के तहत लाया जाना है जिससे युद्धों से निपटने में

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्रोफेसर रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि
हर्षवर्धन पाण्डे



# जनता के राष्ट्रपति थे कलाम

सपने वो नहीं होते जो आपको रात में नींद में आएं लेकिन सपने वे होते हैं जो रात में सोने ना दें। ऐसी बुलंद सोच और अग्नि सरीखी ऊंची उड़ान रखने वाले मिसाइलमैन एपीजे कलाम ही थे जिन्हें जनता का राष्ट्रपति यूं ही नहीं कहा जाता था। अपने कार्यकाल में डॉ. अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम ने अन्य राष्ट्रपति के कार्यकालों के मुकाबले न केवल अमिट छाप छोड़ी, बल्कि ऐसी मिसाल भारतीय राजनीति में देखने को नहीं मिलती। डॉ. कलाम ने अपनी सादगी से उन्होंने पूरे देश की जनता का दिल जीता। राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भी वह आम इंसान की तरह रहते थे। वह देश के सम्मानित व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने एक वैज्ञानिक और एक राष्ट्रपति के रूप में अपना अतुल्य योगदान देकर देश सेवा की। अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद से डॉ. कलाम शिलांग, अहमदाबाद और इंदौर के भारतीय प्रबंधन संस्थानों तथा देश एवं विदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अतिथि प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। डॉ. कलाम ने राष्ट्राध्यक्ष रहते हुए राष्ट्रपति भवन के दरवाजे आम जन के लिए खोल दिए जहां बच्चे उनके विशेष अतिथि होते थे।

15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में पैदा हुए कलाम ने मद्रास इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी से स्नातक करने के बाद भौतिकी और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग का अध्ययन किया और फिर उसके बाद रक्षा शोध एवं विकास संगठन से जुड़ गए। उनका बचपन भी बड़ा संघर्ष पूर्ण रहा। कलाम की इच्छा थी कि वे वायु सेना में भर्ती हों तथा देश की सेवा करें। यह इच्छा पूरी न हो पाने पर उन्होंने बे-मन से रक्षा मंत्रालय के तकनीकी विकास एवं उत्पाद का चुनाव किया। वहां उन्होंने 1958 में तकनीकी केन्द्र सिविल विमानन में वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक का कार्यभार संभाला। उन्हीं दिनों इसरो में स्वदेशी क्षमता विकसित करने के लिए उपग्रह प्रक्षेपण यान कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कलाम को प्रोजेक्ट डायरेक्टर नियुक्त किया गया जिसे उन्होंने अंजाम तक पहुंचाया। जुलाई 1980 में रोहिणी उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा के निकट स्थापित करके भारत को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब के सदस्य के रूप में स्थापित कर दिया। डॉ. कलाम ने भारत को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री के तत्कालीन वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. वीएस अरुणाचलम के मार्गदर्शन में इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत त्रिशूल आकाश, नाग, अग्नि एवं ब्रह्मोस मिसाइलें विकसित हुई। डॉ. कलाम ने जुलाई 1992 से दिसम्बर 1999 तक रक्षा मंत्री के विज्ञान सलाहकार तथा डीआरडीओ के सचिव के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने भारत को सुपर पॉवर बनाने के लिए 11 मई और 13 मई 1998 को सफल परमाणु परीक्षण किया। इस प्रकार भारत ने परमाणु हथियार के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की और पोकरण विस्फोटों की भनक अमेरिका तक को नहीं लगी और परीक्षण सफल हुआ। डॉ. कलाम नवम्बर 1999 में भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार रहे और फिर 25 जुलाई 2002 को भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित हुए। वे 25 जुलाई 2007 तक इस पद पर रहे और उनको राष्ट्रपति बनाने में नेताजी ने मास्टर स्ट्रोक उस दौर में चला जब वामपंथी और विपक्ष एनडीए के इस फैसले के साथ गया था। 2012 में सबसे पहले तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के साथ कलाम को राष्ट्रपति बनाने की बात सामने रखी थी, कांग्रेस की पसंद प्रणब मुखर्जी थे और वह कलाम के साथ नहीं थी। डॉ कलाम को कार्यकाल की कोई चाह नहीं थी लेकिन करोड़ों प्रशंसकों का दिल उन्होंने नहीं तोड़ा और दूसरे कार्यकाल के चयन पर सभी दलों की सहमति चाही।



उनकी जीवनी विंग्स ऑ फायर भारतीय युवाओं और बच्चों के बीच बेहद लोकप्रिय है। डॉ. कलाम की लिखी पुस्तकों में गाइडिंग सोल्सः डायलॉग्स ऑन द पर्पज ऑफ लाइफ एक गंभीर कृति है। उनकी कविताओं का एक संग्रह द लाइफ ट्री के नाम से अंग्रेजी में भी प्रकाशित हुआ है। राष्ट्रपति के रूप में कलाम की पहचान अलहदा थी। अपनी अनोखी संवाद शैली के चलते कलाम अपने भाषणों में बच्चों को हमेशा शामिल करते थे। व्याख्यान के बाद वह अक्सर छात्रों से उन्हें पत्र लिखने को कहते थे और प्राप्त होने वाले संदेशों का हमेशा तुरंत जवाब देते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है।

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कारगिल के योद्धाओं को नमन**

25 वर्ष पहले हमारे देश के सैनिकों ने पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकतों के लिए कारगिल युद्ध में धूल चटाई थी। 26 जुलाई हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इस दिन हमारे देश के जांबाज सैनिकों ने देश के दुश्मन पाकिस्तान को कारगिल युद्ध में करारी शिकस्त देकर, कारगिल की चोटियों पर भारत का तिरंगा फहराया था। भारत हमेशा ही पाकिस्तान को प्यार और अहिंसा से आतंकवाद और कश्मीर समस्या के लिए बातों और समझौतों की राह चलते हुए समझाने की कोशिश करता आया है, लेकिन हमारे देश के प्रति नापाक पाकिस्तान ने जब-जब भी अपनी नापाक हरकतों की लक्ष्मण रेखा पार की है, तब-तब हमारे देश ने इसे सुधारने के लिए बातों से नहीं, बल्कि लातों से भी काम लिया है। - **ब्रिजेश ठाकुर**, दुर्ग

### ट्रेंड

**कोई कसर नहीं छोड़ेंगे**



किसानों के नाम पर विपक्ष सिर्फ राजनीति कर रहा है। स्वामीनाथन कमेटी ने लागत पर 50 फीसदी मुनाफा देकर समर्थन मूल्य की सिफारिश की, लेकिन यूपीए सरकार ने इसे खारिज किया। हम किसानों की आमदनी दोगुनी करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम दिन-रात काम करेंगे।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

**रिहाई की मांग गलत**



अमृतपाल सिंह की रिहाई की मांग करना सरासर गलत है। अमृतपाल ने श्री गुरुग्रंथ साहिब को आगे करके थाने पर हमला बोला था। पंजाब का कोई भी नागरिक श्री गुरुग्रंथ साहिब का दुरुपयोग करने का समर्थन नहीं करेगा।
-संजय सिंह, आप सांसद

**शानदार राष्ट्रपति**



हमें लगता है कि कमला हैरिस संयुक्त राज्य अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति बनेंगी और उन्हें हमारा पूरा समर्थन है। हमारे देश के लिए इस महत्वपूर्ण क्षण है, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि वह नवंबर में जीत हासिल करें।
-बराक ओबामा, पूर्व राष्ट्रपति यूएस

**सड़कें विकसित कीं**



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हिमाचल की सड़कें विकसित कीं। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें ट्रिपल आईआईटी, अटल टनल, वंदे भारत, एम्स, विश्व स्तरीय मनाली हाईवे और कई अन्य परियोजनाएं दी हैं।
-कंगना रनौत, सांसद

### करंट अफेयर

## द.अफ्रीका में पहली महिला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त



दक्षिण अफ्रीका में पहली बार किसी महिला को प्रधान न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने वर्तमान उप प्रधान न्यायाधीश मंडिसा माया को बृहस्पतिवार को देश की प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया। दक्षिण अफ्रीका की प्रधान न्यायाधीश के पद पर माया का कार्यकाल एक सितंबर से प्रारंभ होगा। वह मौजूदा प्रधान न्यायाधीश रेमंड जोंडो के सेवानिवृत्त होने के बाद उनका स्थान लेंगी। देश के शीर्ष 'संवैधानिक न्यायालय' में पदोन्नति से पहले 60 वर्षीय माया दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी अदालत 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ अपील' में 'जज प्रेसिडेंट' के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं। वह 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ अपील' की न्यायाधीश नियुक्त होने वाली पहली अश्वेत महिला थीं तथा उस अदालत की उप-अध्यक्ष और फिर अध्यक्ष नियुक्त होने वाली पहली महिला थीं। रामाफोसा ने फरवरी में माया को प्रधान न्यायाधीश पद के लिए नामित किया था और मई में न्यायिक सेवा आयोग ने उनका साक्षात्कार लिया था। रामाफोसा ने एक बयान में कहा कि आयोग ने उनके नाम की सिफारिश की है और कहा है कि उनकी नियुक्ति 'देश के लिए मील का पत्थर साबित होगी।' माया दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में पली-बढ़ी हैं।

### ऑफ बीट

## माइग्रेन सिर्फ सिरदर्द नहीं कई समस्याएं हैं वजह



माइग्रेन 'सिर्फ सिरदर्द' नहीं बल्कि कई समस्याओं की वजह है। 'माइग्रेन' ग्रीक शब्द 'हेमीक्रानिया' से आया है, जो माइग्रेन के मुख्य रूप से एकतरफा होने के सामान्य अनुभव को संदर्भित करता है। कुछ लोगों को सिरदर्द शुरू होने से पहले एक 'चमक' का अनुभव होता है - आमतौर पर एक दृश्य या संवेदी अनुभव जो पांच से 60 मिनट तक विकसित होता है। इस आभा में भाषा, गंध और अंग कार्य जैसे अन्य डोमेन भी शामिल हो सकते हैं। माइग्रेन एक बड़ी व्यक्तिगत और सामाजिक प्रभाव वाली बीमारी है। माइग्रेन के दौरान अधिकांश लोग अपने सामान्य स्तर पर काम नहीं कर पाते हैं और अगले हमले की आशंका व्यक्ति की उत्पादकता, रिश्तों और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। मेरे दिमाग में क्या हो रहा है? माइग्रेन का जैविक आधार जटिल है, और माइग्रेन के चरण के अनुसार बदलता रहता है। सीधे शब्दों में कहें: प्रारंभिक चरण को प्रोड्रोम कहा जाता है। यह मस्तिष्क के हाइपोथैलेमस नामक हिस्से की सक्रियता से जुड़ा है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह मतली, भूख में बदलाव और धुंधली दृष्टि जैसे कई लक्षणों में योगदान देता है। अगला आभा चरण है, जब मस्तिष्क की सतह (कॉर्टेक्स) में 3-4 मिलीमीटर प्रति मिनट की दर से न्यूरोकेमिकल परिवर्तनों की एक लहर होती है।

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर, शनिवार 27 जुलाई 2024 | श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी | वर्ष : 23, अंक : 10 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





# ऐसा हुआ कब्जा कि नक्शे से ही गायब हो गए तालाब, आधा काम, अधूरा सिस्टम बना मुसीबत

*शहर के कई तालाबों का अस्तित्व मिट गया है और कई पर संकट छाया हुआ है। अतिक्रमण की वजह से बचे हुए तालाबों का क्षेत्रफल लगातार सिमट रहा है। कुछ तालाब तो ऐसे हैं जहां पर पानी ही नहीं है।*

## कई तालाबों का अस्तित्व समाप्त, कई का रकबा सिमटा

### कहानी नया तालाब की

शहर के कुछ तालाबों की स्थिति बेहद खराब है। इसमें से एक नयापारा वार्ड स्थित नया तालाब है जिसके चारों ओर अतिक्रमण है। तालाब में जाने का रास्ता ही नहीं बचा है। तालाब पूरी तरह से जलकुंभी शेष पेज 2 पर

### गैरेज बनता जा रहा खपरी तालाब

खपरी तालाब का एक किनारा बाम्बे गैरेज से लगा हुआ है, जिसका फायदा वहां स्थित गैरेज संचालक उठा रहे हैं। तालाब को पाटकर वहीं पर गाड़ियों की मरम्मत की जा रही है। यह तालाब भी चारों शेष पेज 2 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

हरिभूमि लाइव चौथी किस्त

चिंताजनक बात यह है कि यहां ऐसे भी तालाब हैं, जो नक्शे से ही गायब हो गए हैं। यहां मकान बना लिए गए हैं यानी बड़ी आबादी निवास कर रही है। एनजीटी ने तालाबों को संरक्षित करने के लिए निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के परिपालन में सभी नगरीय निकायों के तालाबों को संरक्षित करने के लिए अपर संचालन शेष पेज 2 पर



### संरक्षण का किया जा रहा प्रयास

तालाबों को संरक्षित करने का प्रयास शुरु कर दिया गया है। जिन तालाबों के किनारे अतिक्रमण है, वहां पर अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा गया है। कुछ तालाबों में पक्के निर्माण है, जिसके लिए गाइडलाइन मांगी गई है।

- **विनय पोयाम,** कमिश्नर नगर निगम धमतरी

### कितने बड़े हैं हमारे तालाब

| तालाब | क्षेत्रफल (हे.) |
|---|---|
| बठेना तालाब | 1.1897 |
| सुगंध तालाब | 0.5341 |
| खोड़िया तालाब | 3.3184 |
| दानी तालाब | 2.683 |
| मकई तालाब | 7.8023 |
| कठोली तालाब | 3.4600 |
| रामबाग तालाब | 3.7716 |
| नया तालाब | 0.9348 |
| खपरी तालाब | 1.2707 |
| दीवान तालाब | 1.0764 |
| महिमासागर तालाब | 3.8445 |
| बनिया तालाब | 1.6470 |
| माता तालाब | 1.7150 |
| रामसागर तालाब | 3.7716 |
| माता शीतला तालाब | 2.5980 |
| कलार तालाब | 1.2666 |
| आमातालाब | 1.2019 |
| लिमाही तालाब | 2.1246 |
| कांटा तालाब | 3.6826 |
| नागसागर तालाब | 1.6025 |
| भंडार तालाब | 0.9030 |
| गंगा तालाब | 0.9510 |

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत, दो घायल

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के अफजलगढ़ इलाके में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। अफजलगढ के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि शुक्रवार लगभग ढाई बजे थाना अफजलगढ के आसफाबाद से बरेली के थाना शेरगढ़ के गांव पनवाड़िया से 30 कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से गंगाजल लाने के लिए दो पहिया वाहनों से गुजर रहा था। जत्थे की एक बाइक अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकराकर एक स्कूटी पर गिर गई।



### इंटक नेता की हत्या में माकपा नेता समेत 14 दोषी

**तिरुवनंतपुरम।** सीबीआई अदालत ने केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक जिला स्तरीय सदस्य सहित 14 लोगों को वर्ष 2010 में कोल्लम जिले के अंचल में इंटक के एक नेता की हत्या के मामले में दोषी ठहराया है। सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश राजीव केएस. ने 25 जुलाई को गिरीश, अफसल, नजूमल, शिबू, विमल, सुधीश, शान, रथीश, बीजू, रंजीत, सैली और मुनीर को साजिश और हत्या के अपराधों का दोषी पाया।



## पीएम मोदी ने दी कारगिल युद्धनायकों को श्रद्धांजलि, आतंकियों को दी चेतावनी

# मोदी बोले- आतंकवाद के सरपरस्तों, हमारे जांबाज पूरी ताकत से कुचल देंगे तुम्हारे मंसूबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*कारगिल युद्ध में भारत की जीत के 25 साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख के द्रास में सिल्वर जुबली कार्यक्रम में युद्ध नायकों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा मैं जिस जगह से बोल रहा हूं वहां से आतंकियों के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई दे रही है। मैं उन्हें चेतावनी देता हूं कि हमारे देश के जांबाज तुम्हारे मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देंगे और मुंहतोड़ जवाब देंगे। मोदी ने कहा कि कारगिल विजय किसी पार्टी या दल की नहीं, बल्कि पूरे देश की विजय है। यह देश के लिए गर्व व आत्मसम्मान का पर्व है।*

मोदी ने कहा कि मैं उन सभी वीर शहीदों को नमन करता हूं जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। हमने केवल युद्ध नहीं जीता, बल्कि सत्य, संयम और शक्ति का अद्भुत परिचय दिया। मोदी ने अग्निवीर योजना की तारीफ करते हुए कहा कि यह देश की सुरक्षा को मजबूत करेगी और युवा देश सेवा के लिए आगे आएंगे।

सेना को बुलेटप्रूफ जैकेट्स ना देने वाले सुधारों पर सवाल उठा रहे हैं और भ्रम फैला रहे हैं। जिन्होंने 500 करोड़ रुपए दिखाकर वन रैंक वन पेंशन पर झूठ बोला था। ये हमारी सरकार है जिसने वन रैंक वन पेंशन लागू किया, पूर्व सैनिकों को सवा लाख करोड़ रुपए से ज्यादा दिए। पीएम मोदी ने लद्दाख और कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। उन्होंने 140 करोड़ देशवासियों की ओर से शहीदों को नमन किया और कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दीं।

### देश सदैव सेना के वीर जवानों का आभारी रहेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश हमेशा हमारे सेना के वीर जवानों का आभारी रहेगा। यह मेरा सौभाग्य है कि कारगिल युद्ध के दौरान मैं अपने सैनिकों के बीच एक साधारण देशवासी के रूप में था। आज जब मैं फिर से कारगिल की भूमि पर हूं, तो उन यादों का पुनः सजीव होना स्वाभाविक है। मुझे याद है कि हमारी सेना ने इतनी ऊंचाई पर एक कठिन युद्ध कैसे लड़ा। मैं उन बहादुर योद्धाओं को सलाम करता हूं जिन्होंने देश को विजय दिलाई।

### सेना को बुलेटप्रूफ जैकेट्स तक नहीं देने वाले आज अग्निवीर योजना पर फैला रहे झूठ





### श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीदों के परिवारों से मिले

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी कारगिल वॉर मेमोरियल पहुंचे। यहां उन्होंने युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों के परिवारों से मिले। वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने वॉर मेमोरियल पर फूलों की वर्षा की। वहीं, हरियाणा में कारगिल युद्ध के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा के पिता ने देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### आतंकियों के आका मेरी आवाज सीधे सुन रहे हैं

पीएम मोदी ने इसके साथ ही भारत के दुश्मनों और आतंकियों को भी सीधी चेतावनी दे दी है। पीएम मोदी ने कहा है कि भारत किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देगा। मोदी ने मंच से चेतावनी जारी करते हुए कहा कि आज मैं उस जगह से बोल रहा हूं जहां आतंक के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई पड़ रही है। मैं आतंकवाद के इन सरपरस्तों को कहना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। आतंकवाद को हमारे जांबाज पूरी ताकत से कुचलेंगे। दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

### हम राजनीति नहीं राष्ट्रनीति करते : मोदी

मोदी ने कहा मेरे लिए 'दल' नहीं 'देश' सर्वोपरि है। हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए काम करते हैं। जो लोग देश के युवाओं को गुमराह कर रहे हैं, उनका इतिहास साक्षी है कि उन्हें सैनिकों की कोई परवाह नहीं है। कारगिल विजय देश की जीत थी, न कि किसी सरकार या पार्टी की। यह देश की धरोहर है और गर्व और आत्मसम्मान का पर्व है।

# तेलंगाना के बाद अब महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ का सड़क संपर्क टूटा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

भोपालपटनम ब्लाक के कई इलाकों में फिर से बाढ़ के हालात बन गए हैं। नेशनल हाईवे 163 तारलागुड़ा और नेशनल हाईवे 63 महाराष्ट्र का सड़क संपर्क छत्तीसगढ़ से टूट गया है।

- एनएच 163 और 63 में 4 फीट पानी बह रहा

बाढ़ की वजह से दोनों हाईवे में 4 फीट तक पानी चढ़ गया हैं। आवागमन पूरी तरह से ठप हो चुका है। भोपालपटनम ब्लाक के देपला, मेटलाचेरू, दुधेडा, तारुड, भद्रकाली, तारलागुड़ा, अन्नारम सहित दर्जन भर से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। एक तरफ रामपुरम तो दूसरी तरफ टेकूलगुडम के पास पानी चढ़ने से कई गांव बाढ़ से प्रभावित हो गए है। तिमेड़ स्थित इंद्रावती शेष पेज 2 पर

### बर्तन के सहारे पार कर रहा था चिंतावागु नदी, डूबने से मौत

लगातार बारिश की वजह से चिंतावागु नदी उफान पर है। नदी में गुरुवार को एक ग्रामीण की डूबने से मौत हो गई। मद्देड़ थाना से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंगमपल्ली के आश्रित गांव रायगुड़ा निवासी रमेश कुरसम (42) अपने गांव रायगुड़ा से बर्तन के सहारे चिंतावागु नदी को पार कर अंतिम संस्कार कार्यक्रम के लिए पेगड़ापल्ली जा रहा था, तभी शेष पेज 2 पर

### आसमान से बरसी मानसूनी आफत, देशभर में बारिश से हाल-बेहाल

**नई दिल्ली।** मानसूनी बारिश ने देशभर में त्राहि-त्राहि मचा रखी है। हद से ज्यादा बारिश होने से हाल बेहाल हो गए है। मैदानों से लेकर पहाड़ों तक बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाएं ज्यादा देखने को मिल रही हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात और राजस्थान सहित देशभर में बारिश से अफरा-तफरी मची हुई है। मुंबई, पुणे, गुजरात में पिछले 3-4 दिनों में तेज बारिश से वडोदरा, सूरत, भरूच और आणंद समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सिर्फ वडोदरा में ही 24 घंटे में 13.5 इंच बारिश हुई है। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 8 लोगों की मौत हुई है। बारिश और बाढ़ प्रभावित जिलों में बचाव कार्य जारी है।




## राहुल ने लगाए चप्पल में टांके



**सुल्तानपुर।** पिछले काफी समय से राहुल गांधी के अंदाज बदले बदले से नजर आ रहे हैं। खासकर अपनी यात्राओं के बाद से तो वे छोटे दुकानदारों और नौकरीपेशा लोगों से मिलते जुलते रहते हैं। राहुल गांधी शुक्रवार को कोर्ट में पेशी के लिए सुल्तानपुर पहुंचे हुए थे। इस दौरान वे अचानक एक मोची की दुकान पर पहुंच गए। राहुल गांधी ने मोची से बातचीत की और उनका हालचाल भी जाना। इतना ही नहीं उन्होंने मोची के काम में अपना हाथ भी आजमाया और एक चप्पल में टांके लगाए। इसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

# हाईकोर्ट ने कहा- राज्य के जेलों में बंद कैदियों की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार कर पेश करें

- प्रदेश की जेलों के बारे में अब तक दिए गए डाटा और जानकारी से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने महाराष्ट्र, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में ओपन जेल की संभावना और यहाँ जेलों की वास्तविक स्थिति पर राज्य शासन से शपथपत्र पर विस्तृत जानकारी मांगी है। अगली सुनवाई अगस्त में निर्धारित की गई है। शुक्रवार को चीफ जस्टिस की डीबी में हुई सुनवाई के दौरान शासन की शेष पेज 2 पर



### कुल 6 बिंदुओं पर डाटा एकत्र किए गए

ध्यान रहे कि इस पत्र के आधार पर ही कुल 6 बिंदुओं पर डाटा एकत्र किए गए। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित केंद्रीय जेलों और जिला जेलों में महिला कैदियों के साथ रहने वाले बच्चे, 20 वर्ष से अधिक की सजा वाले कैदी, जेल की क्षमता और वास्तव में जेल में रखे गए कैदियों की कुल संख्या, बढ़ई, प्लंबर, पेंटर, माली, किसान शेष पेज 2 पर



## जैकेट के शेष

### पेरिस ओलंपिक : 96 ....
टीम और तीसरे नंबर पर अफगानिस्तान की टीम थी। बीच-बीच में लाइव कॉन्सर्ट भी हो रहे थे। सबसे पहले पॉप स्टार लेडी गागा ने परफॉर्म किया। कुछ देर बाद सेलीन डियोन ने भी परफॉर्म किया।
**आस्ट्रेलिया ब्रिज से शुरू हुई परेड** : छह किलोमीटर की परेड आस्ट्रलिज ब्रिज से शुरू हुई जिसमें 96 नावों में 206 देशों के 6800 से अधिक खिलाड़ी सवार थे।
**117 सदस्यीय भारतीय दल** : पेरिस ओलंपिक 2024 का आगाज हो गया है। इस टूर्नामेंट को लेकर फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है। यह खेल महाकुंभ 26 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा।

### सिंधु और शरत कमल ....
लॉजिस्टिक की चुनौतियों से पार पाते हुए पूरे शहर को उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनाकर अभूतपूर्व नजारा पेश किया। भारत के 117 खिलाड़ी इन खेलों में भाग ले रहे हैं जिनमें 47 महिलाएं हैं।

### तीसरी बार देश ....
मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अत्यधिक उंचाइयां प्राप्त की हैं, उनके नेतृत्व में हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अपना स्थान बना पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री के रूप में श्री मोदी के साथ प्रथम कार्यकाल में राज्य मंत्री के रूप में मुझे काम करने का अवसर मिला। पहले ही दिन के अपने भाषण में उन्होंने कहा कि गरीबों का हित चिंतक बने रहेंगे और उन्हें गरीबी रेखा से उपर उठाने सतत प्रयास करेंगे। सरकार गरीबों के लिए समर्पित रहेगी, मेरी यह सरकार गरीबों के लिए काम करेगी।
**मोदी की गारंटी को पूरा किया** : मुख्यमंत्री ने कहा, उन्हें सफल प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान का आशीर्वाद मिल रहा है, जिससे देश और राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रथम कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपरीत परिस्थितियों में देश की सत्ता का नेतृत्व किया, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व के कारण परिस्थितियों को अपने अनुकूल भी बना लिया। उन्होंने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाई। प्रधानमंत्री ने सूझबूझ से 140 करोड़ आबादी वाले भारत में कोरोना को कंट्रोल किया और कोरोना से बचाव के लिए 200 करोड़ से भी ज्यादा वैक्सीन उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने संकल्प के साथ मोदी की गारंटी को पूरा कर दिखाया है। प्रस्ताव पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित अन्य विधायकों ने भी अपने विचार रखे।

### साय सरकार का ....
सेवा निवृति के बाद राशि देने का प्रावधान रखा है। साथ ही केंद्रीय बलों में इनकी नियुक्ति को प्राथमिकता देने की बात भी कहीं जा रही है। अब राज्यों ने भी उनके लिए नौकरी के द्वार खोल दिए हैं।

### इधर, सदन गर्म, ....
अग्निवीरों के परिवारों को उचित सहायता तक मुहैया नहीं हो पा रही है। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा था सरकार बाद जो नौजवान सेवानिवृत हो जाएंगे, आखिर उनके भविष्य का क्या होगा? इस बात की कहीं कोई स्पष्ट जिम्मेदारी या गारंटी है क्या? जो पुरानी भर्ती योजना थी वही बेहतर थी।

### मोदी ओछी राजनीति ....
किया। मोदी कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने सेना के कहने पर अग्निपथ योजना लागू की। यह झूठ है। यह सेना का अपमान है।

### गठबंधन की सरकार ....
का नहीं हो सकता है। जब इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी तो हम 24 घंटे में इस योजना को खत्म करके सामान्य भर्ती करेंगे।

### बिस्किट चोरी पर .....
मौजूद किसी यात्री ने बना लिया, जो शुक्रवार को सोशल मीडिया में जमकर वायरल होता रहा। जानकारी के मुताबिक गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब 3 से 3.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के स्टॉल पर चोरी करने के लिए 4 लोग पहुंचे थे। उन्हें बिस्किट चोरी करते हुए वेंडर ने रंगे हाथ पकड़ लिया और इसमें से 3 लोग भागने में कामयाब हो गए और एक व्यक्ति फंस गया।

### रेलवे ट्रैक पर ....
रोजाना की तरह शुक्रवार को डेमू लोकल पैसेंजर ट्रेन नंबर 7823 सुबह 3:43पर दल्लीराजहरा से निकली और इसे 3:59 पर भानुप्रतापपुर पहुंचना था। भानुप्रतापपुर स्टेशन के पहले मुल्ला स्टेशन के पास लगातार हो रही बारिश के चलते बरगद का पेड़ रेलवे ट्रैक पर गिर गया था।

### महालेखाकार ने खोली .....
कि 33 करोड़ रुपए से ज्यादा की दवाएं कालातीत हो गईं। 50 करोड़ के मेडिकल उपकरण अनुपयोगी पड़े रहे। 24 करोड़ रुपए की दवाएं ब्लैक लिस्टेड कंपनियों से खरीदी गईं। कोविड के दौरान बिना अनुशंसा 23 करोड़ रुपए की दवाएं खरीदी गईं। 838 स्वास्थ्य संस्थानों के पास अपना भवन नहीं। सीएजी ने वर्ष 2016-22 के दौरान राज्य किए आंकलन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। विधानसभा में शुक्रवार को सीएजी की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी गई। मार्च 2022 को समाप्त वर्ष तक के लिए तैयार ऑडिट रिपोर्ट में बताया गया कि जिन कंपनियों ने घटिया दवा की सप्लाई की, आपूर्ति कर्ताओं पर 1.69 करोड़ का शास्ति लगाया न ही 24.60 लाख की डैमेज शुल्क लिया गया। सीजीएमएससी में दवाओं की सामग्री प्रबंधन में कमी थी। उनके गोदामों में उपलब्ध भंडार, पिछली खपत एवं भविष्य की आवश्यकताओं पर विचार किए बिना क्रय आदेश दिए गए। इसके परिणाम स्वरूप 33.63 करोड़ की दवाएं कालातीत हो गईं।
**डॉक्टरों-स्टाफ नर्स व अन्य स्टाफ की कमी** : स्वास्थ्य विभाग में स्वीकृत पदों की तुलना में अधिकारी-कर्मचारियों की भर्ती में बहुत बड़ा अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक, 23 जिला अस्पतालों में 33 प्रतिशत विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी है। पैरामेडिकल स्टाफ 13 प्रतिशत तक कम हैं। सीएचसी की हालत और खराब हैं, यहां 72 प्रतिशत विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी हैं। 32 प्रतिशत नर्स और 36 प्रतिशत पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है। राज्य के कई सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एक भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है, जिसके चलते आठ-आठ साल से वो विभाग भी शुरू नहीं हो पाया है। जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में कैंसर यूनिट नहीं शुरू हो सकी। इसी तरह राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने के चलते हृदय रोग विज्ञान, किडनी और तंत्रिका विज्ञान विभाग का ओपीडी नहीं शुरू हो सका। **स्वास्थ्य नीति तैयार नहीं** : छत्तीसगढ़ शासन ने एनएचसी के व्यापक उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने राज्य स्वास्थ्य नीति तैयार नहीं की है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत इन वर्षों में 34100 करोड़ रुपए का बजट आवंटन में से 27989 करोड़ रुपए व्यय किया गया। जो 82 प्रतिशत है। 2016-22 के दौरान छत्तीसगढ़ शासन की हिस्सेदारी 61 से घटकर 58 प्रतिशत हो गई। भारत सरकार की हिस्सेदारी 39 से बढ़कर 42. 7 प्रतिशत हो गई। राज्य में असंचारी रोग जैसे हृदय रोग, मधुमेह, फेफड़ों के रोग, कैंसर एवं उच्चरक्त चाप मामले 2016-17 में 24144 से बढ़कर 2021-22 में 12,13113 हो गए। हालांकि एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त 36 करोड़ रुपए की निधि मार्च 2022 तक उपयोग में नहीं लाई गई।

### 3753 करोड़ की .....
के अनुसार क्रय नियमावली तैयार नहीं की जा सकी। 278 निविदाएं सीजीएमएससी की ओर से निकाली गई, लेकिन इनमें से 165 टेंडर दो-दो साल तक फाइनल नहीं किए जा सके। ऐसा होने के कारण समय पर दवाओं की सप्लाई नहीं हुई और महंगे दाम पर स्थानीय स्तर पर खरीदी करनी पढ़ी। अस्पतालों में मशीनों की जरुरत कितनी है, इसे ऑपरेट कैसे किया जाएगा, इसका परीक्षण किए बिना उपकरण खरीदे गए। ऐसे 50 करोड़ के उपकरण बेकार पड़े हैं। सीजीएमएससी ने ब्लैकलिस्टेड कंपनियों से करीब 24 करोड़ की दवाएं खरीद लीं।

### दूसरी तरफ जरूरी ....
की खरीदी की थी, जो कि अनियमित थी। कोविड काल में ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए। लिक्विड टैंक खरीदे गए, लेकिन उसका इस्तेमाल नहीं हुआ। यही नहीं, दवा और उपकरण खरीदी के लिए सीजीएमएससी के सॉफ्टवेयर में इंटीग्रेशन नहीं होने के कारण पेमेंट की ओवरलैपिंग भी हुई।

### अंततः संस्कृत बोर्ड ....
वहीं अब यह घटकर 50.06% रह गया है। 40.19% छात्रों के परिणाम संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा रोके गए हैं। शेष 10% छात्रों को पूरक की पात्रता दी गई है।
दसवीं की परीक्षा में 801 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 322 का परीक्षा परिणाम रोककर 479 परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। इसमें प्रथम श्रेणी में 228 छात्र रहे हैं। वहीं द्वितीय श्रेणी में 96 और तृतीय श्रेणी में मात्र एक छात्र रहा। 76 विद्यार्थी कृपांक से उत्तीर्ण हुए हैं। शेष विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता प्रदान की गई है। **रोल नंबर से लेकर परीक्षा फॉर्म तक में गड़बड़ी** : संस्कृत विद्यामंडलम के अनुसार, 322 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम पुनर्मूल्यांकन के दौरान विसंगति पाए जाने के कारण रोका गया है। यह विसंगतियां छात्रों के रोल नंबर, पंजीयन, नामांकन, परीक्षा आवेदन फॉर्म अग्रेषण तथा विद्यार्थियों के उपस्थिति पत्र में मिली हैं। इसके अलावा भी कई अन्य तरह की गड़बड़ियां पाई गई हैं। संस्कृत विद्यामंडलम ने अधिसूचना जारी कर रहा है कि पूरक की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के लिए शीघ्र ही परीक्षा आयोजित की जाएगी एवं जिन विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम रोके गए हैं उनके परीक्षा परिणाम रोकने के कारणों का निराकरण पश्चात जारी करने योग्य विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम यथाशीघ्र जारी किए जाएंगे।

### सिर्फ 5 छात्र ....
उस वक्त मेरिट लिस्ट जारी की गई थी, लेकिन बार प्रावीण्य सूची घोषित नहीं की गई है। बीते दिनों बारहवीं कक्षा के परिणामों की दोबारा घोषणा के दौरान भी मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई थी।

### जांच कमेटी ने की ....
परिणामों को रद्द करते हुए जांच कमेटी बनाई गई। जांच कमेटी ने हरिभूमि के खुलासे की पुष्टि करते हुए अपनी रिपोर्ट में गड़बड़ी की बात स्वीकारी। इसके पश्चात सभी उत्तरपुस्तिकाओं का दोबारा मूल्यांकन कराया गया।

## पेज एक के शेष

### ऐसा हुआ कब्जा कि...
नगरीय प्रशासन एवं विकास ने सर्कुलर जारी किया है। सभी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त किया जाना है, लेकिन नगर निगम धमतरी द्वारा तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने कोई पहल नहीं की जा रही है। शहर में कुल 22 तालाब बचे हुए हैं, जिनमें से अधिकांश तालाब अतिक्रमण की चपेट में हैं। सालों पहले तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाया गया था, जिसमें कुछ तालाब ही अतिक्रमण मुक्त हो पाए। रमसगरी तालाब, माता तालाब, कांटा तालाब, मकई तालाब में सफलतापूर्वक अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन आधा अधूरा कामों ने तालाबों को असुरक्षित कर रखा है।
**तीन तालाब का संगम था रामबाग** : रामबाग के पास कभी तीन तालाब हुआ करते थे। आज सिर्फ यहां पर खोड़िया तालाब ही बचा है। रामबाग तालाब बुरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में है। इसके चारों ओर पक्के मकान बन चुके हैं। पास ही डबरीनुमा तालाब भी था, जिसे पाटकर वहां पर सिटी पार्क डेवलप किया गया है।
**नक्शे से गायब हो गए कई तालाब** : बांसपारा का नाचन तालाब कभी 22-25 एकड़ में फैला था। यहां से होकर शहर का पानी निकलता था। अब यह तालाब नक्शे से गायब हो चुका है। यहां पर मकान बन चुके हैं। यही स्थिति गणेश तालाब की है। यहां भी मकान बन चुके हैं। तालाब का नामोनिशान मिट चुका है। मुक्तिधाम के पास स्थित तालाब अनदेखी की भेंट चढ़ गया है। यह तालाब पट गया है।

### कहानी नया तालाब...
से पट गया है। सालों पहले इस तालाब में वृहद स्तर पर बायोगैस प्लांट लगाया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद फिर से इस तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने अभियान चलाया गया, जिसका जमकर विरोध हुआ। एक युवक ने विरोध करते हुए खुद पर मिट्टीतेल उड़ेल लिया, जिसके बाद अभियान बंद कर दिया गया।

### गैरेज बनता जा रहा...
ओर से अतिक्रमण की चपेट में है। यह तालाब भी पानी के लिए तरस रहा है। इसके किनारे बड़ा सा अस्पताल भी बन रहा है, जिसका विवाद कोर्ट में चल रहा है।

### तेलंगाना के बाद अब...
नदी का जल स्तर कल रात से लगातार बढ़ रहा है।
**इन्द्रावती का जलस्तर 12 मीटर तक बढ़ चुका**: शुक्रवार की सुबह की स्थिति में इन्द्रावती नदी का जलस्तर 12 मीटर तक बढ़ चुका है, जबकि 13 मीटर बाढ़ आने का पहला वार्निंग लेबल हैं। बताया जा रहा हैं कि लगातार बारिश होने की स्थिति में इंद्रावती का जल स्तर और ज्यादा बढ़ने की संभावना हैं, क्योंकि महाराष्ट्र में गोदावरी का जल स्तर भी बढ़ रहा हैं।

### बर्तन के सहारे पार...
अचानक बीच मझधार में उसका संतुलन बिगड़ गया और नदी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है। तहसीलदार भोपालपटनम सूर्याकांत धरत ने बताया पीएम रिपोर्ट में डूबने से मृत्यु की पुष्टि होती है, तो आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि दी जाएगी।

### हाईकोर्ट ने कहा- राज्य के...
ओर से प्रदेश की जेलों के बारे में अब तक दिए गए डाटा और जानकारी से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि राज्य शासन प्रदेश में अलग - अलग स्थानों पर जेलों की स्थिति को देखकर पूरी समीक्षा करे। किस जेल में बंदियों को किस तरह की परेशानी है इसकी जानकारी ली जाए। विशेषकर लंबी सजा काट रहे बंदियों की स्थिति को लेकर एक विस्तृत जानकारी अदालत में शपथपत्र पर प्रस्तुत की जाए। इसमें वास्तविक कार्य योजना जेलों को लेकर क्या चल रही है यह भी बताया जाए। दरअसल प्रदेश में स्थित विभिन्न जेलों से एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर स्वतः संज्ञान से एक प्रकरण हाईकोर्ट ने दर्ज किया है। इसमें यह देखा गया कि, ऐसे 340 कैदी है, जिन्हें कि 20 साल से अधिक कारावास की सजा सुनाई गई है और उनकी अपील भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। ऐसे में यह सवाल उठाया गया कि उन कैदियों की क्या दुर्दशा होगी, जिन्हें इतने लंबे समय तक कारावास में रहना पड़ेगा। एक मामले के आरोपी के परिजन आनम अंसारी ने विभिन्न तिथियों पर हाईकोर्ट को पत्र लिखकर कहा था कि, मो. अंसारी हत्या के मामले में धारा 302 के तहत 2010 से जेल में बंद है। हाईकोर्ट ने 21 अप्रैल 2023 को उनकी याचिका खारिज भी कर दी है। पत्र में कहा गया कि, घर में कमाने वाले एकमात्र व्यक्ति के जेल में बंद होने के कारण वे लोग बदहाली में जीवन जी रहे हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिविजन बेंच में चल रही है।
**अपराधी के साथ उसका परिवार भी प्रभावित होता है** : याचिका में यह भी बात सामने आई कि जब किसी अपराधी को जेल में बंद किया जाता है, तो न केवल उस व्यक्ति को कष्ट होता है बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। लंबे समय तक कारावास से गुजरने के बाद, जब कैदी को उसके जीवन के अंतिम समय में रिहा किया जाता है, तो वह किसी भी तरह से अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ होता है। ऐसे में, राज्य का यह कर्तव्य है कि वह सभी संभावनाओं का पता लगाए। किसी कैदी को रिहा होने पर कानून का पालन करने वाले नागरिक का सामान्य जीवन जीने में मदद कैसी की जा सकती है।

### कुल 6 बिंदुओं पर...
आदि जैसे कुशल पेशेवर कैदियों की कुल संख्या, वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आने वाले कैदी और जेल से भागने की कोशिश करने वाले कैदियों की संख्या कितनी है यह जानकारी जुटाई गई। इसमें पाया गया कि जेल में महिला कैदियों के साथ 82 बच्चे रह रहे हैं। साथ ही 340 अपराधी ऐसे हैं जिन्हें 20 वर्ष से अधिक कारावास की सजा हुई है और उनकी अपीलें सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी हैं।

## राशिफल

**मेष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** — परिवार के संग किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है, खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धनलाभ हो सकता है, परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है। कला व संगीत में रुचि बढ़ेगी, वस्त्रों पर खर्चा बढ़ेगा।

**सिंह** — मन में निराशा व असंतोष के भाव रहेंगे, आत्म विश्वास में कमी रहेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कन्या** — कारोबार के विस्तार की योजना साकार होगी, भाइयों का सहयोग मिलेगा लेकिन परिश्रम की अधिकता रहेगी। अनियोजित खर्चे बढ़ेंगे।

**तुला** — घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, परिश्रम की अधिकता रहेगी। लाभ में वृद्धि की संभावना है।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है। आय में वृद्धि होगी लेकिन स्थान परिवर्तन की संभावनाएं बन रही हैं।

**मकर** — चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन की संभावना बन रही है, किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। वस्त्रादि उपहार स्वरूप प्राप्त हो सकते हैं। बातचीत में संयत रहें, खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार रायपुर (छ.ग.)**

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::
eProcurement Portal :- https://eproc.cgstate.gov.in
-:: निविदा निरस्तीकरण सूचना ::-

आदेश क्रमांक 2112 / व.ले.लि. / 2024-25 / गरियाबंद

दिनांक 24/07/2024

**निविदा क्रमांक 23/ व.ले.लि./2023-24 दिनांक 28.02.2024 सिस्टम क्रमांक 153379 तृतीय आमंत्रण इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित** गरियाबंद जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर की पैरी परियोजना अंतर्गत पितईबंद माईनर नहर के कोमा सब माईनर क्रमांक 01 के आर.डी. 0 मी. से 815 मी., कोमा सब माईनर क्रमांक 02 के आर.डी. 0 मी. से 910 मी., राजिम सब माईनर के आर.डी. 0 मी. से 1200 मी., सेम्हरतरा सब माईनर के आर.डी. 0 मी. से 1915 मी., पितईबंद माईनर के आर. डी. 3210 मी. से 7650 मी., पितईबंद सब माईनर क्रमांक 01 कि आर.डी. 0 मी. से 600 मी. एवं सब माईनर क्रमांक 02 के आर.डी. 0 से 750 मी. तक जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य तथा 02 नग व्ही. आर. बी. का निर्माण कार्य तृतीय आमंत्रण की ऑनलाईन निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के फलस्वरूप उक्त निविदा को निरस्त किया जाता हैं।

विज्ञापन क्रमांक 08209 / दिनांक 28.02.2024

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग गरियाबंद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी
गोदावरी कछार रायपुर (छ.ग.)

G-242501370/2



**कार्यालय प्राचार्य**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी**
**जिला- कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**
Email : - iti_vishrampuri@yahoo.in
Industrial Training Institute — Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

क्रमांक /औप्रसं/विश्रा/स्था./निविदा /सु.गा./2024/332/ विश्रामपुरी,
दिनांकः 25/07/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी / धनोरा जिला- कोण्डागांव (छ.ग.) के परिसर की संपूर्ण सुरक्षा हेतु सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से सुरक्षागार्ड रखे जाने हेतु प्रतिष्ठित सुरक्षा एजेंसी से मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र कार्यालय प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी, जिला - कोण्डागांव (छ.ग.) से कार्यालयीन दिवसों में आवेदन प्रस्तुत कर रू. 1000/- नगद भुगतान कर दिनांक 16/08/2024 शाम 5:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं

1. **निविदा विक्रय की अंतिम तिथि-** दिनांक 16/08/2024 शाम 5:00 बजे तक ।
2. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि-** दिनांक 20/08/2024 समय दोपहर 01.00 बजे तक
3. **निविदा जमा करने का स्थान-** कार्यालय प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी, जिला - कोण्डागांव (छ.ग.) पिन कोड 494347
4. **निविदा खोलने की तिथि-** दिनांक 21/08/2024 समय दोपहर 02.00 बजे ।

सुरक्षा गार्ड के निविदा आमंत्रण हेतु नियम/ शर्तें एवं अन्य जानकारी जिला- कोण्डागांव के वेबसाईट http://kondagaon.gov.in पर भी देखी/ प्राप्त की जा सकती है।

हस्ता/-
प्राचार्य
शास.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी
जिला- कोण्डागांव (छ. ग.)

G-242501382/1



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**
(फोन / फैक्स नं. 07856-252362, ई मेल eedan-phe-cg@nic.in)

**ऑनलाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना**

जी क्रमांक 242500685

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निम्नलिखित ऑनलाईन निविदा में एकल निविदाकार होने के कारण निरस्त किया जाता हैं। विवरण निम्नानुसार है।

| स.क्र. | निविदा सिस्टम क्रमांक |
|---|---|
| 1 | system no- 155412 |

उक्त निविदा की शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी ।

जी क्रमांक 242500685

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दंतेवाड़ा

G-242501398/3



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
**CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR**
CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX (C.G. Govt. Undertaking)
PHONE : 0771- 2574172, FAX NO. 0771-2574174.Website :www.sldccg.com, Email : office@sldccg.com

e-Notice Inviting Tender (NIT)

**Tender NIT No.: 03-02/SLDC/TENDER/e-bidding/TR-228/965,**
**Raipur, Dtd.: 22-07-2024**
**Tender No. : TR-228**

Name of the work:
**TENDER FOR WORK OF NMS AND IP BASED NETWORK MANAGEMENT AND MESSAGING SYSTEM AT MAIN SLDC RAIPUR for Two (02) Years.**

Online bids are invited through CSPTCL tendering system (SAP-SRM) from Eligible Contractor/ Agencies who fulfill the Pre-Bid Qualification Criteria is opened & will be allowed registration for this tender till following date.

**Important Dates:**
Last date for Submission of Tender Document:**13.08.2024, upto 03:00 PM Only**.Date of opening of Tender Document:**13.08.2024 at 03:30 PM.The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com&www.cspc.co.in.**

// Save Electricity //

EXECUTIVE DIRECTOR(SLDC),
CSPTCL, RAIPUR



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना** दिनांक 25.07.2024
(प्रथम आमंत्रण)

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है । **ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 13.08.2024 है :-**

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT No. 320 Tender No. 156743 | जिला धमतरी के कुरूद अनुविभाग अन्तर्गत नगर पंचायत कुरूद में एम्पीथियेटर का निर्माण कार्य । (जमा मद) | रू. 82.48 लाख |
| NIT No. 321 Tender No. 156744 | जिला महासमुंद के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत आई.टी.आई. भवन, 50 बिस्तर छात्रावास भवन बसना एवं पिथौरा का एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य। (जमा मद) | रू. 29.18 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेकजर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण अभियंता,
लो. नि. वि. रायपुर मंडल क्र.-2 (छ.ग.)

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

G- 242501394/2



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail : e-mail :ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

No.-04-01/Trans./Works/1287 Raipur, dtd: 25.07.2024.

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-
**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/42, Rfx No.-8100037947:-** Providing services of 02 No. Computer Operator (High Skilled Labour), 01 No. skilled Labour & 07 No. Semi-skilled labour for one year for the O/o E.E. (Civil) Civil Dn., CSPTCL, Bilaspur.; **NIT Value:-**Rs. 20.61 Lakhs **& EMD:-**Rs. 20,700/-, **Completion Period:-**12 Months.**2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/43, Rfx No.-8100037921** Construction of new chain link mesh fencing for replacing old damaged fencing at 132/33 KV S/S Raigarh.; **NIT Value:-**Rs. 11.10 Lakhs **& EMD:-**Rs. 11,100/-, **Completion Period:-**03 Months.**3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/44, Rfx No.-8100038310:-** Construction of 02 No. 132 KV feeder bay at 132 KV Bhakhara for sanction of new 4000 KVA HT demand at 132 KV in respect at the Sr. Divisional Electrical Engineer (TRD), SECR, Raipur for TSS Kurud. BP No.1030002.; **NIT Value:-**Rs. 12.67 Lakhs **& EMD:-**Rs. 12,700/-, **Completion Period:-**02 Months.**4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/45, Rfx No.- 8100037583:-** Internal & External painting work for Control Room Building at 400/220 KV S/S Khaedamara.; **NIT Value:-**Rs. 12.03 Lakhs **& EMD:-**Rs. 12,100/-, **Completion Period:-**03 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 02, 03, 04 is Rs.590/- (i/c GST)** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt.20.08.2024 for Sl. No.- 01, 02 and on dt.21.08.2024 for Sl. No.- 03, 04** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

(D.K.Tuli)
Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY



**छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में नीचे दर्शाये अनुसार ईमारती नये/पुराने काष्ठ का नीलाम किया जावेगा।

1. नीलाम दिनांक - 02-08-2024
2. नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाठा दन्तेवाड़ा
4. नीलाम समय - 10:00 बजे पूर्वान्ह से

| प्रजाति | नयी काष्ठ | | | पुरानी काष्ठ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी | नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी |
| सागौन | 113 | 14.189 | 30 | 1445 | 149.907 | 128/2021 |
| साल | 210 | 32.669 | 0 | 1303 | 144.899 | 6/20 |
| क्र. | निविदा | निविदा प्रपत्र शुल्क, GST सहित (वापसी योग्य नहीं) | अमानत राशि (बिना ब्याज के वापसी योग्य) | निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि (दोपहर 2:00 बजे तक) | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि (दोपहर 3:00 बजे तक) | निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि (सायं 4:00 बजे) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एल.ई.डी. स्क्रीन वॉल | 1,180/- | 50,000/- | 30,08, 2024 | 30,08, 2024 | 30,08, 2024 |
| 2 | एल.ई.डी. एन्ड्रायड स्क्रालर डिस्प्ले बोर्ड | 1,180/- | 50,000/- | 30,08, 2024 | 30,08, 2024 | 30,08, 2024 |
| 3 | डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड- डिजिटल टीवी | 1,180/- | 50,000/- | 30,08, 2024 | 30,08, 2024 | 30,08, 2024 |

S-40954/1

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद रायपुर, छत्तीसगढ़



SWACHH SURVEKSHAN #Mera Shahar, Meri Pehchan 2024 | TULIP

### नगर पालिक निगम, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./272/स्वा.वि./2024 दिनांक : 25/07/2024

**आवश्यकता**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है :-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो.नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05.08.2024 | 4500.00 | 5 | 8871636756 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन hpps://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते है।
विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, दुर्ग



### कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

क्रमांक /निर्माण/607 (II)/ 2024-25/4152 नवा रायपुर,दिनांक - 23/07/2024

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
website https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | जिले का नाम | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | दन्तेवाड़ा | **आदिवासी बालक आश्रम -** बोदली, नहाड़ी, बुरगुम, पोटाली, कौरगांव, मुस्तलनार, गुमलनार, **आदिवासी कन्या आश्रम -** समेली (निविदा कार्य संख्या- 08) | प्रति कार्य की लागत राशि रूपये 162.26 लाख |
| 2 | बीजापुर | **आदिवासी बालक आश्रम-** पदेडा, कडेनार, तामोडी, गोंगला, तोड़का, पापनपाल, गंगालूर, फरसेगढ़, बैल, गोमटेर, पीड़िया, केतुलनार, मंगनार, दरभा, जारामड़का, अंबेली, पेठा, गुदमा, कोमपल्ली, मिरतुर, झांडीगुट्टा, बेंगलूर, बेदरे, अन्नापुर, एड़ापल्ली, दुडेपल्ली, पोलेम, पीलूर, पामगल, वाड़ला, करकावाया, गुल्लापेन्टा, चेरामंगी, दारेली, कोंडापल्ली, मुरदण्डा, संकनपल्ली, गलगम, मारूड़बाका, धरमापुर, रासपल्ली, पुसबाका, पुजारीकांकेर, **आदिवासी कन्या आश्रम-** गंगालूर, गुदमा, कोशनलनार, केशकुतुल, सन्ड्रा, ईलमिड़ी, पुसगुड़ी, भटटीगुड़ा, मुजरालकांकेर (निविदा कार्य संख्या 52) | |
| 3 | कांकेर | **आदिवासी बालक आश्रम-** कांकेर-1, कांकेर - 2, भैंसाकन्हार, किरगापाटी, पुजारीपारा, सुरूंगदोह नरहरपुर, चरभट्टी, मुसुरपुट्टा **आदिवासी कन्या आश्रम -** कन्हारगांव, ( निविदा कार्य संख्या - 10 ) | |

उपरोक्त 70 निविदायें पृथक-पृथक आवेदन की जावेगी । निविदा तिथियां निम्नानुसार दर्शित की गई है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देख सकते हैं ।

| | |
|---|---|
| Date and time of pre-proposal conference **Compulsory** (No bid will be entertain without Attending the pre bid Meetting by the Proprietor / Partner/Director) | Date 05-08-2024 At 3:00 P.M. at Office Of Commissioner, Scheduled Tribes And Scheduled Caste Development Department, Government OfChhattisgarh Address: Block-D, GroundFloor, Indravati Bhawan Atal Nagar Nava Raipur. |
| Last Date And Time For Uploading Of E-Tender in E- Procurement Platform On Or Before. | Date- 23-08-2024 by 5:00 P.M. |
| Last date for submissi on of physical bid | Date- 27-08-2024 by 5:00 P.M. |
| Technical bid will Be Opened Online By The Authorized Officer on | Date- 28-08-2024 by 11:00 A.M. |
| The Price Bid will Be opened online on | Date 29-08-2024 by 11:00 A.M. |

(टी चक्रवर्ती)
कार्यपालन अभियंता
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-242501338/6

# आलू भी चला प्याज-टमाटर की राह, सरकार अलर्ट, भूटान से मंगाने की तैयारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महंगी सब्जियों के चलते रसोई के बिगड़े बजट से परेशान आम लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिल सकती है।

- कम उत्पादन के कारण कीमतें तेज बनी रहने की संभावना

सरकार आलू की कीमतों पर लगाम लगाने के लिए विभिन्न उपायों पर विचार कर रही है। उसके लिए जल्दी ही पड़ोसी देश भूटान समेत अन्य देशों से आलू का आयात शुरू किया जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार को लग रहा है कि देश में आलू के कम उत्पादन के कारण कीमतें तेज बनी रह सकती हैं। ऐसे में सरकार कीमतों में नरमी लाने के लिए विभिन्न उपायों पर गौर कर रही है। रिपोर्ट में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि सरकार पड़ोसी देश भूटान से आलू मंगाने की मंजूरी दे सकती है। अन्य देशों से भी आलू का आयात करने पर विचार किया जा सकता है।

## सरकार आलू के कीमतों पर लगाम लगाने के उपायों पर कर रही विचार

### अभी ही इतनी हो चुकी है महंगाई

दरअसल खराब मौसम के चलते पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में आलू की फसल प्रभावित हुई है। इसके चलते आलू के दाम भी प्याज और टमाटर की तरह बढ़ने लगे हैं। टमाटर, प्याज और आलू की महंगाई बढ़कर 48.4 फीसदी पर पहुंच चुकी है। ऐसी आशंका है कि आलू की कीमतें लगातार तेज हो सकती हैं और अक्टूबर से बाजार में उसकी कमी महसूस हो सकती है। आम तौर पर हर साल बाजार में नवंबर-दिसंबर में आलू की कमी देखी जाती रही है, लेकिन इस बार पहले से ही असर दिखने की आशंका है।



### उत्पादन में गिरावट की आशंका

भारत आलू का उत्पादन करने के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर है। आलू के उत्पादन के मामले में भारत से आगे सिर्फ चीन है। पिछले साल भारत में 60.14 मिलियन टन आलू का उत्पादन हुआ था। इस साल आलू का उत्पादन कम रहने की आशंका है। कृषि मंत्रालय के पहले एडवांस एस्टिमेट के अनुसार, इस साल देश में आलू का उत्पादन लगभग 58.99 मिलियन टन रह सकता है।

### जून 2024 में समाप्त हुई वैलिडिटी

अधिकारी के अनुसार, सरकार व्यापारियों को फिलहाल छोटे-छोटे अमाउंट में आलू का आयात करने की मंजूरी दे सकती है। सरकार ने पिछले साल भूटान से आलू खरीदने की मंजूरी दी थी। सरकार ने पिछले साल जो मंजूरी दी थी, उसके तहत व्यापारी बिना लाइसेंस के जून 2024 तक भूटान से आलू खरीदकर भारत ला सकते थे।

## निवेशकों पर बरसे 7.10 लाख करोड़ रुपए

# शेयर बाजार में लौटी बहार, सेंसेक्स 1293 अंक उछला, निफ्टी ने भी लगाई लंबी छलांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,293 अंक का उछाल दर्ज किया गया। तेजी के बीच एनएसई निफ्टी भी 24,834 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा।*

बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,292.92 अंक यानी 1.62 प्रतिशत उछलकर 81,332.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,387.38 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 428.75 अंक चढ़कर 24,834.85 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ।

### पांच कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 1303 अंक टूटा

निफ्टी के 50 शेयरों में से 47 लाभ में जबकि तीन नुकसान में रहे। इसके बाद बाजार में पिछले शुक्रवार से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। इन पांच कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 1,303.66 अंक यानी 1.60 अंक टूट गया था। वहीं निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.59 नीचे आया था।

### सेंसेक्स के सभी शेयर रहे लाभ में

सेंसेक्स में शामिल नेस्ले को छोड़कर अन्य सभी शेयर लाभ में रहे। भारती एयरटेल सबसे ज्यादा 4.51 प्रतिशत लाभ में रहा। अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं नुकसान में रहने वाली एकमात्र कंपनी नेस्ले में 0.07 प्रतिशत की गिरावट आई।

- रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख कंपनियों शेयर रहे तेज
- सेंसेक्स में नेस्ले को छोड़कर सभी शेयरों में रही तेजी
- निफ्टी के 50 शेयरों में से 47 शेयरों में रही तेजी



### आईटी और धातु शेयरों का बेहतर प्रदर्शन

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, 'बाजार में तेजी को आईटी और धातु शेयरों के बेहतर प्रदर्शन से धारणा में सुधार से गति मिली। साथ ही वायदा एवं विकल्प खंड में अगले महीने का कारोबार शुरू होने से भी बाजार ऊपर चढ़ा। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयरों में भी स्थिति मजबूत रही।'

### एशियाई बाजार लाभ में रहे

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। यूरोप के बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नुकसान में रहा था।

### बजट को लेकर बाजार में आई तेजी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अगले महीने के लिए वायदा एवं विकल्प कारोबार की शुरूआत के साथ घरेलू बाजार में जोरदार तेजी आई और बाजार केंद्रीय बजट को लेकर आई गिरावट से बाहर आ गया। बाजार में तेजी का कारण अमेरिका में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहना है। यह वैश्विक मांग के लिहाज से अच्छा है।'

# पेटीएम का निवेश प्रस्ताव अभी सरकार के विचाराधीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- वित्तीय सेवाओं के सचिव जोशी ने दी जानकारी
- चीन से जुड़े निवेशों की निगरानी समिति कर रही

वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को कहा कि चीन से जुड़े निवेशों की निगरानी करने वाली अंतर-मंत्रालयी समिति ने अभी तक पेटीएम की भुगतान एग्रीगेटर इकाई में उसके निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है।

जोशी ने कहा कि पेटीएम का यह निवेश प्रस्ताव अभी भी अंतर-मंत्रालयी समिति के पास विचाराधीन है और इस पर जल्द ही फैसला होने की उम्मीद है। मुश्किलों में घिरी पेटीएम ने अपनी पूर्ण अनुषंगी इकाई पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में 50 करोड़ रुपये का निवेश करने का प्रस्ताव रखा है। लेकिन इस प्रस्ताव को सरकार की पूर्व-मंजूरी लेनी जरूरी है। दरअसल पेटीएम की मूल इकाई वन97 कम्युनिकेशंस लि. (ओसीएल) में चीन से निवेश आया है। इस वजह से विदेश, गृह, वित्त एवं उद्योग मंत्रालयों के अधिकारियों की एक समिति इस पर गौर कर रही है कि ओसीएल का पीपीएसएल में निवेश प्रस्ताव एफडीआई दिशानिर्देशों के अनुरूप है या नहीं। जोशी ने कहा कि अंतर-मंत्रालयी पैनल से निवेश प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद पेटीएम भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस पाने के लिए रिजर्व बैंक से संपर्क कर सकता है। रिजर्व बैंक उसके प्रस्ताव की जांच करने के बाद लाइसेंस देने के बारे में कोई फैसला करेगा।

### 2022 में पीपीएसएल आवेदन लगाया था

पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लि. ने नवंबर, 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए रिजर्व बैंक के पास लाइसेंस की अर्जी लगाई थी। लेकिन केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया था।

# चीन का आयात बढ़ने से घरेलू इस्पात विनिर्माता परेशान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- जेएसडब्ल्यू के चेयरमैन ने कहा, मुनाफे पर असर पड़ रहा
- कई देशों ने इस्पात आयात के खिलाफ पहले ही कदम उठाए

जेएसडब्ल्यू स्टील के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने शुक्रवार को कहा कि चीन से बढ़ते इस्पात आयात का घरेलू कंपनियों के मुनाफे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

कंपनी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में जिंदल ने कहा कि कई देशों ने इस्पात आयात के खिलाफ पहले ही कदम उठाए हैं। भारतीय इस्पात उद्योग भी समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रहा है। जिंदल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू इस्पात की मांग में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो आर्थिक वृद्धि से अधिक है। यह बुनियादी ढांचे के विकास और सभी प्रमुख इस्पात-उपभोक्ता क्षेत्रों की मजबूत मांग के कारण संभव हो पाया।

जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरधारकों को संबोधित करते हुए जिंदल ने कहा, ' हालांकि, वैश्विक इस्पात मांग कमजोर बनी हुई है, जिससे भारत में आयात बढ़ रहा है और घरेलू इस्पात विनिर्माताओं के मुनाफे पर असर पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण चीन का उत्पादन तथा निर्यात बढ़ना है, जिससे वैश्विक इस्पात बाजारों पर दबाव पड़ रहा है।' इसके अलावा, देश में इस्पात की अच्छी मांग से घरेलू बाजार कमजोर वैश्विक मांग के बीच आयात के प्रति संवेदनशील हो गया है। जेएसडब्ल्यू स्टील के वित्त वर्ष 2023-24 के व्यावसायिक आंकड़े साझा करते हुए जिंदल ने कहा कि कंपनी ने इस अवधि में 92 प्रतिशत क्षमता उपयोग के साथ अपना अभी तक उच्चतम कच्चा इस्पात उत्पादन हासिल किया।

*प्रति शेयर 7.30 रुपए लाभांश की सिफारिश : कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7.30 रुपये प्रति शेयर के लाभांश की सिफारिश की है। इसके लिए शेयरधारकों की मंजूरी आवश्यक होगी। इसके अलावा, कंपनी की योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक भारत में अपनी क्षमता को पांच करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की है।*

# पुरानी पेंशन व्यवस्था अब मुमकिन नहीं: वित्त सचिव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोमनाथन ने कहा, इसे लाना नुकसानदेह होगा जो सरकारी नौकरी में नही
- नई पेंशन प्रणाली को लेकर संगठन व राज्य सरकारों से सार्थक बातचीत

वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा है कि पुरानी पेंशन व्यवस्था अब वित्तीय रूप से मुमकिन नहीं है और इसे लाना देश के उन नागिरकों के लिए नुकसानदेह होगा, जो सरकारी नौकरी में नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर कर्मचारी संगठनों और राज्य सरकारों से कुछ सार्थक बातचीत हुई है। सोमनाथन ने कहा कि सरकार देश में युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने के मकसद से उन्हें कंपनियों में प्रशिक्षण देने की सुविधा के अलावा 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को आधुनिक रूप भी देगी। सोमनाथन ने कहा, 'एनपीएस पर बनी समिति का काम अभी पूरा नहीं हुआ है।

हमने इस बारे में कर्मचारी संगठनों और राज्य सरकारों से बातचीत की है। इसमें कुछ प्रगति हुई है।' उन्होंने कहा, कर्मचारियों की कुछ चिंताएं हैं। पहला, उनका कहना है कि यह नई योजना है। एनपीएस शेयर बाजार से जुड़ा है, हमें उतार-चढ़ाव नहीं चाहिए। उनका कहना है कि यह स्पष्ट हो कि कितनी पेंशन मिलेगी। दूसरा, उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद जो भी पेंशन मिले उसमें महंगाई से निपटने का भी कुछ प्रावधान यानी डीए (महंगाई भत्ता) जैसी कोई व्यवस्था चाहिए। ऐसा नहीं होने पर पेंशन का वास्तविक मूल्य घटता जाएगा। तीसरा, अगर किसी ने पूरी नौकरी यानी 30 साल तक काम नहीं किया है, उसके लिए कुछ न्यूनतम पेंशन तय की जाए। ये ऐसे मामले हैं, जिस पर हमें निर्णय लेना है।'' 'लेकिन एक बात बिल्कुल साफ है कि पुरानी पेंशन व्यवस्था वित्तीय रूप से मुमकिन नहीं है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न



रायपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 'एक पेड़, मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

यह अभियान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पहल के तहत चल रहा है, जिसका उद्देश्य सितंबर-2024 तक 90 करोड़ और मार्च-2025 तक 140 करोड़ पेड़ लगाना है। यूनियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर ने इस पहल के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 13 जिलों में लगभग 10,000 पौधे लगाए हैं। बैंक ने न केवल पौधों की रोपाई की है बल्कि उनकी सुरक्षा और वृद्धि की जिम्मेदारी भी ली है। इसके अतिरिक्त बैंक ने आस-पास के गांवों और बस्तियों में पौधों का वितरण भी किया, जिससे स्थानीय समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

## एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया 25वां कारगिल विजय दिवस



रायपुर। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर ने 25वां कारगिल विजय दिवस 'एमिटी फॉर हीरोज' कार्यक्रम के साथ मनाया। चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान और प्राचार्या अर्पिता मजूमदार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत लेफ्टिनेंट कर्नल शशिधर एस. और लेफ्टिनेंट कर्नल शांतनु चौधरी के स्वागत के साथ हुई। उनके प्रेरक भाषणों ने गहरी भावनाओं को उजागर किया, जिसमें शौर्य और देशभक्ति की बातें की गईं। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जिनमें समूह गीत, नृत्य, नाटक और नारा प्रस्तुति शामिल थी। मुख्य आकर्षण के रूप में मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान ने बलिदानियों की सराहना की और युवाओं को प्रेरित किया।

## एसआरयू की योजना: कमजोर छात्रों को रोजगार के अवसर

रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए एक नई योजना की घोषणा की है, जो 25 से 31 जुलाई तक लागू रहेगी। यह पहल उन छात्रों के लिए है जो आर्थिक या अन्य कारणों से प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। इस योजना के तहत छात्रों को ट्यूशन फीस में राहत, कार्य के साथ पढ़ाई की सुविधा और कक्षा उपस्थिति पर विशेष छूट प्रदान की जाएगी।

यूनिवर्सिटी ने रोजगार परक कोर्स भी शुरू किए हैं, जिनमें नेत्र परीक्षण, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, पोषण विज्ञान और अन्य क्षेत्रों के कोर्स शामिल हैं। इसके अलावा कला, वाणिज्य, विज्ञान, कृषि और फार्मेसी के क्षेत्र में भी कई कोर्स उपलब्ध हैं। ये कोर्स छात्रों को सरकारी, अर्द्ध-सरकारी और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

## उद्योगपति अग्रवाल का मानना, दो पीएसयू का निजीकरण कर दें सरकार

# निजीकरण से प्रमुख स्वर्ण उत्पादक बन सकता है भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जाने-माने उद्योगपति अनिल अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि यदि भारत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों भारत गोल्ड माइंस और हट्टी गोल्ड माइंस का निजीकरण कर दे तो वह सोने का प्रमुख उत्पादक बन सकता है।

- भारत गोल्ड माइंस और हट्टी गोल्ड माइंस देश के दो स्वर्ण उत्पादक माइंस

केंद्रीय बजट 2024-25 में सोने पर सीमा शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने के प्रस्ताव के कुछ दिन बाद उन्होंने यह बयान दिया। वेदांता के चेयरमैन अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'हम अपनी जरूरत का 99.9 प्रतिशत आयात करते हैं। बड़े पैमाने पर निवेश के साथ, हम सोने के प्रमुख उत्पादक और रोजगार के बड़े स्रोत बन सकते हैं।'

### मजबूत मांग से सोने का आयात 30 फीसदी बढ़ा

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग के दम पर भारत का सोने का आयात 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। सोने का आयात चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर असर डालता है। वित्त वर्ष 2022-23 में आयात 35 अरब अमेरिकी डॉलर था।



### निजीकरण तीन शर्तों पर हो

अग्रवाल ने कहा कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि सरकार सोने के दो प्रमुख उत्पादकों भारत गोल्ड माइन्स और हट्टी गोल्ड माइन्स का निजीकरण कर दे। उन्होंने कहा, 'निजीकरण तीन शर्तों पर होना चाहिए...कोई छंटनी नहीं होनी चाहिए, कर्मचारियों को कुछ शेयर दिए जाने चाहिए और परिसंपत्तियों को अलग-अलग हिस्सों में बांटने का कोई प्रयास किए बिना ऐसा किया जाना चाहिए।'

### सरकार हिंदुस्तान कॉपर में अपने शेयर बेचे

अग्रवाल ने कहा कि सरकार को देश में तांबा कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड में भी अपने शेयर बेचने चाहिए। उन्होंने कहा, 'सोने तथा तांबे के आयात में 10 प्रतिशत की कमी से 6.5 अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है। सरकार को 3,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त योगदान मिल सकता है और कम से कम 25,000 नौकरियों का सृजन हो सकता है।'

### हिंदुस्तान कॉपर एक मात्र खनन कंपनी

हिंदुस्तान कॉपर खान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है। यह भारत में तांबा अयस्क के खनन में लगी एकमात्र कंपनी है। इसके पास तांबा अयस्क के सभी परिचालन खनन पट्टे का स्वामित्व है। यह परिष्कृत तांबे की एकमात्र एकीकृत उत्पादक भी है।

## वैश्विक संकेतों से सोना चांदी की कीमतों में तेजी



नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच स्थानीय सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने में पिछले तीन सत्रों से जारी गिरावट के बाद तेजी लौटी और यह 50 रुपये मजबूत होकर 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि सोना 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता का भाव 50-50 रुपए बढ़कर क्रमशः 70,700 रुपए और 70,350 रुपए प्रति दस ग्राम रहा।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो के शुद्ध लाभ में 12 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** इंटरग्लोब एविएशन का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 12 प्रतिशत घटकर 2,728.8 करोड़ रुपये रहा।देश की सबसे बड़ी एयरलाइन की मूल कंपनी का एक साल पहले इसी अवधि में शुद्ध लाभ 3,090.6 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय 18.09 प्रतिशत बढ़कर 20,248.9 करोड़ रुपये हो गई।

### पीरामल फार्मा का घाटा कम होकर 88.64 करोड़



**नई दिल्ली।** पीरामल फार्मा लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 88.64 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का 2023-24 की पहली (जून) तिमाही एकीकृत शुद्ध घाटा 98.58 करोड़ रुपये था। समेकित राजस्व 1,951.14 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 1,748.85 करोड़ रुपये था।

### टेक महिंद्रा के शेयर में छह फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवाप्रदाता टेक महिंद्रा के शेयर में शुक्रवार को करीब छह प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी की अप्रैल-जून तिमाही की आय में 1.2 प्रतिशत की गिरावट के बाद उसके शेयर में गिरावट आई है। बीएसई पर शेयर 5.52 प्रतिशत गिरकर 1,445.50 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह 5.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,444.25 रुपये पर रहा।

### स्टर्लिंग एंड विल्सन को मिले 328 करोड़ के ठेके



**नई दिल्ली।** स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी को राजस्थान में 1,000 मेगावाट घंटा क्षमता का बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली संयंत्र स्थापित करने का ठेका मिला है। कंपनी के अनुसार, इस ठेके में राजस्थान में 1,000 मेगावाट घंटा एकल बीईएसएस संयंत्र की इंजीनियरिंग, डिजाइन, खरीद, स्थापना, परीक्षण तथा उसे चालू करने का काम भी शामिल है।

### अनामुडी रियल एस्टेट ने शोभा में बेचे अपने शेयर

SOBHA LTD

**नई दिल्ली।** गोदरेज परिवार की कंपनी अनामुडी रियल एस्टेट्स ने बेंगलुरू स्थित शोभा लिमिटेड में अपने 47.37 लाख शेयर बेच दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने निवेश को मौद्रीकृत करने की अपनी रणनीति के तहत शेयर बाजार में 'ब्लॉक' समझौते के जरिये करीब 860 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

### स्वर्ण उद्योग की मांग 'एक राष्ट्र, एक दर'



**कोलकाता।** स्वर्ण आभूषण उद्योग 'एक राष्ट्र, एक दर' नीति की वकालत कर रहा है, जिसकी शुरुआत अगस्त से पूर्वी भारत के लिए समान दर लागू करने के साथ की जाएगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्वर्ण शिल्प बचाओ समिति के अध्यक्ष समर कुमार डे ने कहा कि सभी हितधारकों ने देश भर में एक समान सोने की दर के विचार में रुचि दिखाई है।

डे ने कहा, 'हम अगस्त से बंगाल और पूर्वी भारत के लिए एकल दर की शुरुआत करेंगे। इस पहल में हमने सर्राफा विक्रेताओं को भी शामिल कर लिया है।'

# पेरिस ओलंपिक: उद्घाटन समारोह के रंग













# पेरिस ओलंपिक : भारत पहले दिन निशानेबाजी टेनिस-बैडमिंटन-हॉकी-मुक्केबाजी में देगा चुनौती

PARIS 2024

भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के पहले दिन शनिवार से ही अपना दम दिखाने उतरेंगे। शुरुआती दिन भारत के खिलाड़ी बैडमिंटन, निशानेबाजी, मुक्केबाजी, हॉकी, टेबल टेनिस, और टेनिस में चुनौती पेश करने उतरेंगे। भारत को निशानेबाजी में पदक की काफी आस है जो 12 साल का पदक का सूखा समाप्त करने के लिए तैयार हैं। आइए जानते हैं पहले दिन भारत का कार्यक्रम कैसा रहेगा।

## बोपन्ना आखिरी बार लगाएंगे जोर



एजेंसी ▶▶| शेटौरॉक्स

भारतीय ओलंपिक दल के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 44 वर्षीय रोहन बोपन्ना के पास पिछले ओलंपिक की तरह मजबूत जोड़ीदार नहीं है। पुरुष युगल में उनके साथ चुनौती पेश करने को तैयार अनुभवी एन श्रीराम बालाजी मुश्किल परिस्थितियों से लड़ना जानते हैं। ओलंपिक में भारत का पहला और एकमात्र टेनिस पदक 1996 में आया, जब लिएंडर पेस ने अटलांटा खेलों में एकल कांस्य पदक के साथ इतिहास रचा था। पुरुष एकल में देश का दारोमदार सुमित नागल पर होगा। नागल ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन किया।



## भारतीय हॉकी टीम की लगातार दूसरे पदक पर नजर

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर पिछले ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना है तो उसे 'मौत के ग्रुप' में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके आगे बढ़ना होगा। भारतीय टीम ग्रुप चरण के अपने पहले मैच में शनिवार को न्यूजीलैंड का सामना करेगी। भारतीय टीम ने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर 41 वर्षों का इंतजार समाप्त किया था और तब से उससे काफी उम्मीद की जा रही है। भारतीय हॉकी के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि थी जिसने ओलंपिक में इससे पहले आठ स्वर्ण पदक जीते थे। पिछले ओलंपिक के प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम से फिर से पदक जीतने की उम्मीद की जा रही है लेकिन यह आसान नहीं होगा।

## निशानेबाजी में 12 साल से पदक का सूखा

ओलंपिक में पदार्पण करने वाले निशानेबाजों से भरी टीम पिछले प्रदर्शन के बोझ से मुक्त होकर शनिवार को फ्रांस के शेटौरॉक्स में निशानेबाजी प्रतियोगिता में होने वाली परीक्षा में सफल होने का लक्ष्य बनाएगी। भारत ने अभी तक निशानेबाजी में कुल चार ओलंपिक पदक जीते हैं लेकिन पिछले दो ओलंपिक में खाता खाली रहा जिससे रिकॉर्ड 21 सदस्यीय भारतीय दल पर उम्मीदों का अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है।

### ओलंपिक आज भारत का शेड्यूल

| समय | खेल |
|---|---|
| दोपहर 12:30 बजे | शूटिंग (10M एयर राइफल मिक्स्ड टीम क्वालिफिकेशन) |
| दोपहर 12:30 बजे | रोइंग (मेंस स्कल्स हीट) |
| दोपहर 1:00 बजे | घुड़सवारी: ड्रेसेज |
| दोपहर 02:00 बजे | शूटिंग (10M एयर पिस्तौल मेंस क्वालिफिकेशन) |
| दोपहर 03:30 बजे | टेनिस (मेंस डबल्स का पहला राउंड) |
| शाम 4:00 बजे | शूटिंग (10M एयर पिस्तौल वुमेंस क्वालिफिकेशन) |
| शाम 5:30 बजे | बैडमिंटन (मेंस सिंगल और मेंस डबल्स) |
| शाम 6:30 बजे | टेनिस (मेंस सिंगल्स शुरुआती राउंड #1) |
| शाम 6:30 बजे | टेबल टेनिस (मेंस सिंगल्स) |
| रात 9:00 बजे | मेंस हॉकी (भारत/न्यूजीलैंड) |
| रात 11:00 बजे | बैडमिंटन (वुमेंस डबल्स) |
| रात 11:30 बजे | बॉक्सिंग (वुमेंस 54 किलोग्राम प्रिलिम्स - राउंड ऑफ 32) |

नोट : टाइमिंग में बदलाव संभव

पेरिस खास खबरें

## ओलंपिक मशाल थामकर गदगद हुए अभिनव बिंद्रा



ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा को एक बड़ा सम्मान इंटरनेशनल ओलंपिक कमिटी से मिलने वाला है। उनको पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद ओलंपिक ऑर्डर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा, लेकिन इससे पहले भी अभिनव बिंद्रा को एक सम्मान मिला है। बुधवार 24 जुलाई को वे पेरिस में ओलंपिक की मशाल लेकर नजर आए। इसको लेकर उन्होंने अपनी खुशी सोशल मीडिया पर जाहिर की है, क्योंकि ये किसी सम्मान से कम नहीं है। अभिनव बिंद्रा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपनी चार तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, "कल पेरिस 2024 मशाल रिले में ओलंपिक मशाल को ले जाना शब्दों से परे सम्मान था। खेलों की भावना हम सभी में रहती है और मैं इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। आइए हम एक साथ प्रेरणा, सपने और उपलब्धि हासिल करना जारी रखें!"

## सबसे युवा भारतीय अधिकारी होंगे साइ अशोक



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज के साइ अशोक पेरिस ओलंपिक में भारत के सबसे युवा अधिकारी होंगे जिन्हें शुक्रवार से शुरू हो रहे खेलों में रैफरी जज बनाया गया है। 32 वर्ष के अशोक 1904 के बाद चौथे भारतीय हैं जो ओलंपिक में अधिकारी होंगे। वह विश्व चैम्पियनशिप स्पर्धा में बतौर खिलाड़ी और अधिकारी भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले व्यक्ति हैं। पुणे के सैन्य खेल संस्थान में मुक्केबाजी प्रशासक के तौर पर काम करने वाले अशोक विश्व सैन्य मुक्केबाजी परिषद के अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय भी रहे।

## गूगल ने बनाया खास डूडल




*पेरिस में ओलंपिक खेलों की आधिकारिक शुरुआत हो गई है। पूरा विश्व इन खेलों के जश्न के लिए तैयार है और इसमें गूगल भी पीछे नहीं है। गूगल ने शुक्रवार को जो डूडल बनाया है वो ओलंपिक खेलों के लिए ही बनाया है। इस मौके पर गगूल ने अपने डूडल को इन खेलों को समर्पित किया है। गूगल पर आमतौर पर जब सर्च के लिए जाते हैं तो उसका लोगो दिखाई देता है लेकिन आज के दिन उस लोगो की जगह ओलंपिक खेलों का डूडल दिखाई देगा। जब आप गूगल पर जाएंगे तो सामने सबसे पहले एक एनिमिटेड ग्राफिक्स दिखाई देगा। जिसमें नदी में कुछ पक्षी तैर रहे हैं। जब आप माउस के कर्सर को इस डूडल पर ले जाएंगे तो उस पर लिखा आएगा* ***'Paris Games Begins'***।

## अमेरिका और कनाडा ने दर्ज की जीत



नीस। मैलोरी स्वानसन ने पहले हाफ में 70 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए जिससे अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराकर ओलंपिक खेलों की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में रिकॉर्ड पांचवा स्वर्ण पदक जीतने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। स्वानसन ने खेल के 24वें और 25वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा ट्रिनिटी रोडमैन ने भी अमेरिका के लिए गोल किया। अमेरिका का अगला मुकाबला रविवार को मार्सिले में जर्मनी से होगा। एक अन्य मैच में एवलिन विएन्स ने 79वें मिनट में गोल करके मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कनाडा को न्यूजीलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई। मैकेंजी बैरी ने 13वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन क्लो लैकासे ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में कनाडा को बराबरी दिला दी थी। विश्व चैंपियन स्पेन ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके जापान को 2-1 से हराया जबकि जर्मनी ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर शानदार शुरुआत की।

## पहले दिन दिखेगा जोकोविच नडाल, अल्काराज़ का जलवा

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज़ तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे। सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि नडाल युगल में और अल्काराज़ दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल और अल्काराज़ स्पेन की पुरुष युगल टीम में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है।



उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा। नडाल एकल में अपना पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे। अगर वह यह मैच जीत जाते हैं और जोकोविच शनिवार को मैथ्यू एबडेन को हरा देते हैं तो फिर यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी दूसरे दौर में एक दूसरे के आमने सामने होंगे। नडाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं।

खबर संक्षेप

## गंभीर टीम में नए विचार लाएंगे : शास्त्री



**दुबई।** भारत के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री ने राष्ट्रीय टीम के नए कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि वह एक 'समकालीन' कोच हैं जिन्होंने अपेक्षाकृत 'परिपक्व और सुलझी हुई' टीम की बागडोर संभाली है। भारत के पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि 42 वर्षीय गंभीर अपनी नई भूमिका में तत्काल प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि वह कई खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं और उनका मार्गदर्शन कर चुके हैं। वह पहले से ही टीम करीब हैं।

### श्रीलंका के खिलाफ पहला टी20 मैच आज शाम 7 बजे

# सूर्यकुमार, गंभीर के नए युग में भारत बनाएगा दबदबा

एजेंसी ▶▶| पालेकल

गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी।

दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे। गंभीर आईपीएल में कप्तान और मेंटर के रूप में काफी सफल रहे हैं। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिनके कोच रहते हुए भारत ने अच्छी सफलताएं हासिल की थी। द्रविड़ के मुख्य कोच रहते हुए भारत ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में तीनों प्रारूप के फाइनल में जगह बनाई तथा गंभीर को अब इन सफलताओं को नए मुकाम पर पहुंचाना होगा।



### कप्तानी का हैरानी भरा फैसला

सूर्यकुमार को कप्तान बनाना थोड़ा हैरानी भरा फैसला रहा क्योंकि रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद हार्दिक पंड्या को इस पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। चयन समिति ने सूर्यकुमार के कप्तान के रूप में कम अनुभव को नजरअंदाज करके उन्हें टीम की कमान सौंपी है। **अगला टी20 विश्व कप 2026 में** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा तथा चयनकर्ताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है।

### जगह पक्की करने पर युवाओं की नजर

भारतीय टीम जब परिवर्तन के दौर से गुजर रही है तब सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान शुभमन गिल इसे अपनी जगह पक्की करने के अवसर के रूप में देख रहे होंगे। केवल वही नहीं यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और यहां तक कि रियान पराग जैसे अन्य खिलाड़ी भी ऐसा करना चाहेंगे। अक्षर पटेल टीम में जडेजा की जगह लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनके अलावा भारत के पास हार्दिक, शिवम दुबे और वाशिंगटन सुंदर के रूप में अच्छे ऑलराउंडर भी मौजूद हैं। जसप्रीत बुमराह को इस दौरे से विश्राम दिया गया है तथा उनकी अनुपस्थिति में अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज यहां की तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाकर टीम में अपनी जगह मजबूत करना चाहेंगे।

## भारत ने महिला एशिया कप के फाइनल में 9वीं बार बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| दाम्बुला



महिला टी20 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत ने 10 विकेट से शानदार जीत की। भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की।

स्मृति मंधाना ने 39 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में दो चौके की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया। दोनों की आक्रामक बल्लेबाजी से भारत को 54 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। भारतीय टीम के सामने रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने मैदान के चारों ओर मन मुताबिक शॉट लगाए। टीम ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 46 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। शेफाली को 21 रन के स्कोर पर राबिया खान ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया तो वहीं जहांआरा आलम की गेंद पर मंधाना के 35 रन के स्कोर पर कैच आउट होने के बाद गेंद नो बॉल करार दी गई।




## गधों को पकड़-पकड़ कर लोग खिला रहे हैं गुलाब जामुन

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मंदसौर में लोग गधों को पकड़-पकड़ कर गुलाब जामुन खिला रहे हैं। इसके पीछे का कारण भी बेहद अलग है। जिसे सुनकर आप भी चौंक जाएंगे। देशभर में मानसून की ताबड़तोड़ एंट्री होने के साथ ही प्रदेश में भी मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। लेकिन, पिछले कुछ समय से मंदसौर जिले में मानसून की बारिश नहीं हो रही थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने अच्छी बारिश की कामना के साथ गधों से श्मशान में हल चलवाया था और नमक की बुआई की गई थी। कामना करने वाले लोगों का कहना था कि यदि मंदसौर शहर में अच्छी बारिश होती है तो वह इन गधों को गुलाब जामुन खिलाएंगे। वहीं, अब शहर भर और उसके आसपास के इलाकों में पिछले दो-तीन दिनों से जमकर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भी अगले कुछ दिन शहर के आसपास के इलाकों में तेज बारिश की उम्मीद जताई है।




इटली के पास समुद्र के 15 मीटर गहराई पर मौजूद क्राइस्ट ऑफ द एबिस कई कारणों से एक अनोखे अजूबे के तौर पर पहचानी जाती है। यह गोताखोरों के लिए आकर्षण का केंद्र तो है ही। आम लोग भी इसे देखना पसंद करते हैं यहां तक कि कई लोग तो इसके पास जाकर शादी करना भी पसंद करते हैं।



# समुद्र में 15 मीटर नीचे लगी है ये मूर्ति, इसके पास शादी करना पसंद करते हैं कई लोग

एजेंसी ▶▶| यरूशलम

दुनिया में अजूबों की कमी नहीं हैं। कुछ तो इंसान के बनाए ही हैं, लेकिन उन्हें ऐसी जगह मिल गई है जो उन्हें खास और अनूठा बना देती है। क्राइस्ट ऑफ द एबिस ऐसी ही एक अंडरवॉटर मूर्ति है जो दुनिया भर के विभिन्न स्थानों पर स्थित है। इस शानदार मूर्ति में ईसा मसीह को समुद्र तल की गहराई में खड़े होकर अपनी बाहें फैलाए हुए दिखाया गया है। यह गोताखोरों और समुद्री जीवन दोनों के लिए शांति, आशा और सुरक्षा का प्रतीक है।

- यह गहराई में खोज करने वाले गोताखोरों के लिए आशा और सुरक्षा के प्रतीक

क्राइस्ट ऑफ द एबिस भूमध्य सागर में स्थित ईसा मसीह की एक विस्मयकारी जलमग्न कांस्य प्रतिमा है। यह गहराई में खोज करने वाले गोताखोरों के लिए आशा और सुरक्षा के प्रतीक के रूप में कार्य करता है। इतालवी कलाकार गुइडो गैलेटी ने क्राइस्ट ऑफ़ द एबिस को बनाया था। उनका मकसद गिरे हुए गोताखोरों को सम्मानित करना था।



### हर साल हज़ारों गोताखोरों को करता है आकर्षित

वैसे तो क्राइस्ट ऑफ द एबिस की मूल प्रतिमा इटली के तट पर स्थित है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इसकी दो और प्रतिकृतियां बनाई गई है। उनमें से एक को फ्लोरिडा के की लार्गो के तट पर, और दूसरी को ग्रेनेडा के सेंट जॉर्ज में स्थापित किया गया है। यदि आप इटली में क्राइस्ट ऑफ द एबिस में गोता लगाने के लिए पर्याप्त साहसी हैं, तो आप पाएंगे कि यह लगभग 15 मीटर की गहराई पर समुद्र तल पर विराजमान है। इटली में क्राइस्ट ऑफ द एबिस हर साल हजारों गोताखोरों को आकर्षित करता है। आज यह प्रतिष्ठित प्रतिमा एक पसंदीदा गोताखोरी स्थल बन गई है, जो दुनियाभर से गोताखोरी के शौकीनों को आकर्षित करती है। की लार्गो में क्राइस्ट ऑफ द एबिस एक जीवंत कोरल रीफ सिस्टम से घिरा हुआ है। जॉन पेनकेम्प कोरल रीफ स्टेट पार्क के भीतर स्थित, क्राइस्ट ऑफ द एबिस की की लार्गो प्रतिकृति रंगीन कोरल संरचनाओं से खूबसूरती से सजी हुई है, जो गोताखोरों के लिए एक आकर्षक पृष्ठभूमि प्रदान करती है।

### स्मृति चिन्ह छोड़ते हैं गोताखोर

गोताखोर अक्सर क्राइस्ट ऑफ द एबिस में प्रशंसा और भक्ति के प्रतीक छोड़ते हैं। श्रद्धा और कृतज्ञता के प्रदर्शन में, गोताखोर अक्सर मूर्ति और विस्मयकारी पानी के नीचे की दुनिया से अपने संबंध के संकेत के रूप में क्रॉस, धार्मिक अवशेष और यहां तक कि व्यक्तिगत वस्तुओं जैसे छोटे स्मृति चिन्ह छोड़ते हैं। कला, धर्म और प्रकृति के मिश्रण के रूप में, क्राइस्ट ऑफ़ द एबिस एक सांस्कृतिक प्रतीक है जो और कई तरह के लोगों को जोड़ने का काम करता है। कई गोताखोरों ने क्राइस्ट ऑफ़ द एबिस से मिलने पर शांति और आध्यात्मिक जुड़ाव की गहरी भावना को बयां किया है। समुद्र की सतह के नीचे मजबूती से खड़े होकर और समय की कसौटी पर खरा उतरते हुए, क्राइस्ट ऑफ द एबिस इंसानियत की चुनौतियों पर काबू पाने और विजयी होने की क्षमता को बताता है।

## भारत का वो राज्य जिसे कहा जाता है 'अंडे की टोकरी'



**नई दिल्ली।** क्या आप जानते हैं कि भारत में वह कौन-सा राज्य है, जिसे अंडों की टोकरी भी कहा जाता है? यकीन मानिए, बहुत कम लोग होंगे, जो इसका जवाब जानते होंगे. वैसे बता दें कि यह राज्य मछली, मांस और अंडे के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, जिसे विदेशों में सप्लाई किया जाता है। उस राज्य का नाम आंध्र प्रदेश है। इस राज्य को भारत की 'अंडे की टोकरी' कहा जाता है, क्योंकि यहां बड़ी मात्रा में अंडे का उत्पादन होता है। आंध्र प्रदेश में न सिर्फ सबसे ज्यादा अंडे होते हैं, बल्कि धान का पैदावार भी ज्यादा होता है। इस वजह से इसे 'चावल की टोकरी' भी कहा जाता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com